Sitharaman to move the motions for consideration of the following Bills: the Appropriation (No.3) Bill, 2022, and the Appropriation (No.2) Bill, 2022.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे : सर, कम से कम हाउस तो आपकी मर्ज़ी से चले। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : माननीय एलओपी जी, आप कृपया सीट पर बैठकर न बोलें। प्लीज़, मैंने क्लियर कर दिया है कि रूल्स के मुताबिक ही ये सब चीज़ें हो रही हैं।

GOVERNMENT BILLS

*(i) The Appropriation (No.3) Bill, 2022
* (ii) The Appropriation (No.2) Bill, 2022

THE MINISTER OF FINANCE; AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I rise to move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2021-22, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

Now, Sir, I also move:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 2019, in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The questions were proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Motions moved. Motions for consideration of the Appropriation (No.3) Bill, 2022, and the Appropriation (No.2) Bill, 2022, are now open for discussion. Shri Shaktisinh Gohil.

---

* Discussed together.

श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात) : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे सदन में बोलने का अवसर दिया है।

मान्यवर, मैं यहाँ Appropriation (No.2) Bill, 2022, and Appropriation (No.3) Bill, 2022 पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। मान्यवर, लोकतंत्र का मज़ा यही है कि सरकार चाहे किसी के भी बहुमत से बने, पर जब उनकी जवाबदेही की बात आती है, तो सरकार की जवाबदेही सदन के प्रति, हमारी पार्लियामेंट के प्रति रहती है। हमारे संविधान के Article 114 and Article 115 में बड़े अच्छे तरीके से यह बात रखी गई है कि अगर सरकार को एक पैनी भी खर्च करनी हो या आपने बजट के बाहर अगर कुछ खर्च कर लिया है और उसकी subsidiary demand भी लेकर आनी है, तो आपको हाउस के पास आना होगा और सरकार इसके बाद ही एक भी पैनी खर्च कर सकती है।

महोदय, यह लोकतंत्र का मज़ा है। हमारे सामने कुछ चीज़ें आई हैं कि आज एप्रोप्रिएशन बिल के अंदर वित्त मंत्री जी जो डिपार्टमेंट्स लेकर आई हैं, I know my scope when I speak on the Appropriation Bill, but within my scope Table 2 and 3 में डिपार्टमेंट्स की जो बात रखी है, मैं उन्हीं की बात करूंगा। मेरी कुछ बातें हैं - वैसे तो मंत्री जी का नाम ही निर्मला जी है, जो इस बिल की मूवर हैं, पर मैं कुछ कड़वी-कड़वी बात भी कहूंगा और वह बात मंत्री जी के लिए भी होगी, सरकार के लिए भी होगी, लेकिन अवाम के लिए वह फायदे की बात होगी। मैं वही बात एप्रोप्रिएशन बिल पर रखना चाहता हूं। महोदय, वैसे मंत्री जी, mover of the bill बहुत पढ़ी-लिखी और जे.एन.यू. पासआउट हैं, मैं वहाँ से निकले हुए कुछ अधिकारियों को भी जानता हूं और जे.एन.यू. के लिए मेरे मन में इतना सम्मान है कि उसमें इंसानियत, secularism और मानवता बिल्कुल बरकरार रहती है। मंत्री जी ने वहाँ से शिक्षा भी ली है और उन्हें एक संस्कारी, इंटेलिजेंट, जेंटलमैन व्यक्ति भी पति के रूप में जे.एन.यू से मिले हैं। महोदय, मैं मंत्री जी को बिल्कुल टारगेट नहीं कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं उनकी कुछ मजबूरियां भी समझता हूं * वह भी एक सोचने वाली बात है। ...(**व्यवधान**)...इसलिए मैं तो ज्यादातर सरकार की ही बात करना चाहता हूं, जिस सरकार में ये चीजें हैं।

मान्यवर, क्योंकि मैंने इस डिपार्टमेंट को एक स्टेट के अन्दर as a Finance Minister भी देखा है, इसलिए जब आप हाउस में जाते हैं और उस मेम्बर को भी अगर आप technicality में उलझा देंगे तो एक सदस्य के लिए उस बजट को समझना बड़ा मुश्किल होता है। मैं उस गुजरात से आ रहा हूं, जिस गुजरात ने गांधी और सरदार का model दिया, जिस गुजरात के Shri G.V. Mavalankar हमारी लोक सभा के प्रथम स्पीकर रहे। The first Speaker of the Lok Sabha was from Gujarat और लेजिस्लेशन की बात करें या Parliamentary Procedure and Practice की बात करें तो गुजरात ने भी एक बढ़िया मावलंकर model दिया है। मैं आज के model की बात नहीं करता हूं, वह तो लोकतंत्र के लिए थोड़ा घातक model भी दिया है ...(**व्यवधान**)...मैं उसकी बात नहीं करता हूं। ...(**व्यवधान**)...हां, दिनेश भाई, आप गुजराती हैं, आप समझ भी सकते हैं, आप कह भी सकते हैं। वे जब कह रहे हैं और मेरे गुजराती भाई हैं, तो मैं भी समझ सकता हूं कि वहां क्या हो रहा है। गुजरात में तो हालत यह है कि रोज़ मेरे वहां से लोगों को ले जाते हैं और उन्हें मंत्री बनाना

* Expunged as ordered by the Chair.

पड़ता है और cadre based लोग उसकी पालकी लेकर निकलते हैं, गुजरात में वह हालत है। गुजरात में मावलंकर जी ने एक Mavalankar Training Bureau भी रखा, जहां सिर्फ सदस्यों को ही नहीं, बिल को समझने के लिए, बजट को समझने के लिए या Question Hour को समझने के लिए सिर्फ Members की ही ट्रेनिंग नहीं, बल्कि वहां मंत्रियों को भी ट्रेनिंग लेने जाने का compulsion था, यह सरकार वहां पहले प्रावधान रखती थी, लेकिन आखिरी 15 सालों में वे परम्पराएं भी ध्वंस हो गई हैं, वे मिट चुकी हैं। मैं आपके ज़रिए मंत्री जी से विनती करना चाहूंगा, क्योंकि मुझे वित्त मंत्री जी से बड़ी उम्मीद है, इसलिए मैं उम्मीद करना चाहता हूं कि जब आपका फाइनेंस का बिज़नेस, बजट का बिज़नेस आता है तो मेम्बर के लिए आप गुजरात के मावलंकर model को जरूर देखिये। वहां पर Major Head, Sub Head, Minor Head, Detailed Head करके सारी बातों का dissection करके जब मेम्बर को व्हाइट पेपर बुक दी जाती है, जब Supplementary Demands पर बोलने के लिए कोई मेम्बर खड़ा होता है, Appropriation Bill पर हो या हमारे यहां उसे पूरक मांग भी कहते हैं, जिसे आप Supplementary Demands कहते हैं, जब फाइनेंस मिनिस्टर उसे लेकर हाउस में जाते हैं तो एक मेम्बर जो फाइनेंस में एक्सपर्ट नहीं है, वह बहुत पढ़ा-लिखा नहीं है, पर जो गांव से आया हुआ representative है, जिसके अन्दर दिमाग तेज़ है, वह भी उसे खोलकर देखेगा। वहां पर यह भी प्रावधान है कि if there is a new item, जिसे आपने आज तक बजट में implement नहीं किया है then, you will have to explain in detail the new scheme. आपकी नई योजना क्या है, जिसके लिए आप सदन में आये हैं और आपको यहां से एप्रूवल मिल रहा है।

जब यह सदन हमारे आर्टिकल 114 या आर्टिकल 115 के तहत Appropriation Bill को भी मंजूरी देता है या जब यहां से बजट भी पास होता है तो हमारे संविधान में इसके लिए बहुत अच्छे प्रावधान किए गए हैं और इसमें से एक सबसे अच्छा प्रावधान यह भी है, क्योंकि खुद जाकर डिपार्टमेंट का audit करना मेम्बर के लिए संभव नहीं है। क्या lacunae है, क्या होना चाहिए और क्या नहीं हुआ है, वह audit कौन करेगा? तो Comptroller and Auditor General इसका audit करता है और यह जब audit होता है, उस audit के बाद यह पता चलता है कि जो खर्च हो रहा है, वह सही हो रहा है या नहीं। मैं आज उन्हीं डिपार्टमेंट्स की बात करूंगा, जिन्हें माननीय वित्त मंत्री जी यहां लेकर आई हैं, जो Appropriation Bill-3 है, इसमें Rs. 1,58,356.10 crore के लिए प्रावधान वे लेकर आई हैं। आपका जो Appropriation Bill No. 2 है, उसमें आप Rs. 5,204 crores and odd लेकर आई हैं। आपने इसके Table 2 & 3 में Department-wise details दी हैं, जिनमें से एक डिपार्टमेंट है - Ministry of Rural Development. Comptroller and Auditor General ने इस डिपार्टमेंट का audit किया। उसकी Report No. 2 of 2021 में Para 10.1 में साफ लिखा है कि आपने जो services लीं, Tax Deduction at Source आपका कानून है, आपको वहाँ से tax at source deduct करना था। हर डिपार्टमेंट में, जहाँ तक मेरी छोटी समझ है, उसके मुताबिक वहाँ पर Financial Adviser भी रहता है। F.A. की यह जिम्मेदारी होती है कि when the payment is made, whether TDS is deducted or not. मुझे कहते हुए बड़ा दुख होता है कि इस डिपार्टमेंट ने crores of rupees का tax deduction at source नहीं किया। इससे डिपार्टमेंट को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ, सरकार की treasury का नुकसान हुआ। अगर वे रुपए आते, तो शायद यहाँ revenue में आपका इतना फायदा हो सकता था। इसके लिए किसी की जिम्मेदारी

fix होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। जब audit ने इसको point out किया, तब आपने कुछ लोगों से तो recovery कर भी ली, पर कुछ ऐसे भी निकले, जिनके पास से आप recovery नहीं कर पाई हैं और आपके वे पैसे डूब गए।

यहाँ पर इस Appropriation Bill में 'Transfer to States' की बात हुई है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कुछ ही दिन पहले कहा कि सिर्फ non-BJP Government States नहीं, और स्टेट्स को भी हमने GST के वे पैसे नहीं दिए हैं। 2019 में वित्त मंत्री जी ने YouTube पर Appropriation Bill पर अपना यहाँ दिया हुआ भाषण लगाया है, मैं उसको सुन रहा था। वित्त मंत्री जी ने बार-बार 12 दिसंबर, 2019 को इसी हाउस में यह कहा था कि GST is a trust deed, it is a matter of trust, कोई चिंता न करे, पूरा पैसा हम देंगे। क्या हुआ? आपके खुद के आँकड़ों के अनुसार यह महाराष्ट्र में ज्यादा है। आप कहती हैं कि वहाँ दिए भी ज्यादा, तो ज्यादा बाकी है, ऐसा नहीं हो सकता है। It is a question of trust. आप दीजिए। अगर आपके पास स्टेट का वह share देने के लिए पैसा नहीं है, तो इस सदन में हम बैठ रहे हैं, हमें कोई दिक्कत नहीं है, हमें कोई अधिकार नहीं है कि हम नई पार्लियामेंट बनाएँ और स्टेट के अधिकार के पैसे न दें। अगर हमारे पास पैसे नहीं हैं और हम रेलवे में किसी बुजुर्ग या किसी पत्रकार या किसी handicapped के लिए जो special concession देते हैं, चूँकि कोरोना में financial तकलीफें हैं, हमारा अर्थतंत्र घबराया हुआ है, इसलिए हम यह बंद कर देंगे, तो क्या हम करोड़ों रुपए का Vista Project रोक नहीं सकते हैं? यह हुआ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि आपने GST में खुद कानून बनाया। आपने GST के कानून में कहा कि 2014-15, अगर मैं नहीं भूलता हूँ, तो उसके comparison में आपको जो 14 per cent increase के साथ पैसा मिलना चाहिए, suppose वह आपको नहीं मिलेगा, then don't worry, आपको जो नुकसान होगा, वह हम दे देंगे। आपने यह trust दिया, आपने यह कानून बनाया, आपने काउंसिल में यह कहा और उसके साथ-साथ आपने कहा कि अगर इस पैसे के लिए हमारी जरूरत होगी, तो हम कहाँ से लाएँगे, you selected the sectors, कि इनके ऊपर हम cess लगाएँगे। अगर आप कोई टैक्स लगाते हैं, तो उसमें राज्यों का हिस्सा बनता है, लेकिन जब आप सैस लगा देते हैं, तो राज्यों को ठनठन गोपाल मिलता है, उनको कुछ नहीं मिलता है और वे सारे पैसे आपके पास आ जाते हैं। उसके लिए कानून में प्रावधान हुआ कि सैस से GST का जो भी पैसा आएगा, वह Consolidated Fund में नहीं पड़ा रहेगा, उसके लिए separate account होगा और उसी separate account में से वह states को जाएगा। अगर किसी स्टेट में कोई नुकसान नहीं हुआ और उसमें balance बचता है, तो उसका formula भी कानून के तहत ही बना दिया गया है कि उस पैसे का स्टेट्स में आप किस तरह से बंटवारा करेंगे। आप ट्रस्ट की बात करते हैं, अगर यह मेरी बात होती, तब तो आप कह देते कि अपोज़िशन वाले मनगढ़ंत कहानियां कहां से लेकर आ जाते हैं, लेकिन यह मेरी बात नहीं है। यह बात एक independent constitutional audit agency, the Comptroller and Auditor General ने कही है। आपका कानून कहता है कि GST नुकसान में जो शेष आएगा, वह separate account में रहना चाहिए, लेकिन आपने उसको separate account में नहीं रखा है, आपने उसको अपने account में डाला है, जो गलत है। Comptroller and Auditor General ने इन crores of rupees को point out किया कि ऐसा क्यों होता है। अगर आपकी सरकार की मंशा गलत नहीं है, किसी और ने गलती से ऐसा कर दिया है, तो उसको punish करके आप हाउस में जवाब दीजिए कि अमुक व्यक्ति से यह गलती हुई थी।

आपने उस audit para को deny नहीं किया है, यह बात मैं जानता हूं। मैंने स्टेट में Public Accounts Committee के Chairman के तौर पर काम किया है। अगर कहीं कोई para बन जाता है, but thereafter the Department satisfies the Audit agency कि हां, हमने यह half-margin para बना दिया है, यह हमारा reply है, इससे Audit agency satisfied होती है और वह para निकल जाता है। जहां डिपार्टमेंट यह मानता है कि हां, हमसे गलती हुई है, वहां वह admit करता है कि this is an admitted para. आपने भी यह स्वीकार किया था कि crores of rupees separate account में नहीं रखे गए थे, वे आपने अपने account में डाल दिए थे, तो इसको कोई छोटी-मोटी गलती मान कर हम ऐसे ही नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते।

माननीय उपसभापति जी, यहां डिफेंस की बात आई। Appropriation Bill में अगर आप डिफेंस के लिए कुछ और पैसों की बात करें, तो यह पूरा हाउस 'जय जवान-जय किसान' कहेगा। जहां उनके हित की बात होगी, वहां हम आपका समर्थन करेंगे, लेकिन आज का वक्त ऐसा है, आप चाहे मानें या न मानें, आप तो यह कह देंगे - 'यहां न कोई आया है, न कोई गया है।' लेकिन आपकी पार्टी के पार्लियामेंट के एक मेम्बर कहते हैं, 'यहां से हमारे लोगों को उठा कर ले जाते हैं, वहां रोड बना ली है, वहां ब्रिज बना लिया है।' यह कहने वाले रूलिंग पार्टी के ही एक नेता हैं, जो एक स्टेट के प्रेज़िडेंट हैं और लोक सभा के सीनियर मेम्बर भी हैं। वे जब इस बात को कहते हैं, तो हम सबको चिंता होती है।

आप चाइना के साथ लड़िए, हम कंधे से कंधा मिला कर आपके साथ खड़े रहेंगे। प्रधान मंत्री जी सरहद पर होंगे, तो हम भी सरहद पर होंगे, हम जुमले नहीं देंगे। मरना होगा तो साथ मरेंगे, राष्ट्र के लिए मरेंगे, लेकिन आप ऐसी बातें क्यों करते हैं, जिससे हमारी फौज के जो जवान वहां पर लड़ रहे हैं, उनके मनोबल में दिक्कत आती हो। आप उनके लिए काम कीजिए।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके ज़रिए माननीय वित्त मंत्री जी से गुज़ारिश करना चाहूंगा कि आप 2019 की CAG की Report No.16 के Chapter-II को पढ़िए, जिसमें लिखा है, 'Provisioning, procurement and issue of high altitude clothing, equipment, ration and housing.' CAG Audit report के इस चैप्टर को आप ज़रूर पढ़िये कि उस जवान को कितनी ज्यादा दिक्कतें आती हैं। उसके sleeping bag की क्वालिटी ठीक नहीं है, जिसमें उस जवान को minus 20 degrees temperature में जाकर सोना है, उस जवान के जूतों की date expire हो गई है और ये सब बातें CAG की audit team वहां जाकर ढूंढ़ कर बताती है कि ये चीज़ें ठीक नहीं हैं। आपने उस जवान के लिए scientific way में राशन की quantity तय की है, लेकिन क्या हम उनको वह पूरा राशन भी नहीं पहुंचा सकते हैं? महोदय, आपके ज़रिए मैं वित्त मंत्री जी से गुज़ारिश करता हूं कि इस बात को politically न लें, इसको humanitarian grounds पर लें, राष्ट्र के हित के नाते लें और हमारे उन जवानों के लिए आपको जो भी करना पड़े, आप करें। आपको जितना भी पैसा खर्च करना पड़े, कीजिए, लेकिन उसमें लीकेजेज़ न हों, उसमें एक्सपायरी डेट वाला मैटीरियल वहां न पहुंचे, यह आप सुनिश्चित करें, इसके लिए मैं आपसे गुज़ारिश करता हूं।

उपसभापति महोदय, हमारे पार्लियामेंटरी प्रोसीजर्स एंड प्रेक्टिस की कुछ बहुत अच्छी चीजें हैं। हम कमिटीज़ में काम करते हैं, उन कमिटीज़ के अंदर पार्टी पोलिटिक्स नहीं होती है, we are above party politics. वहां इन-कैमरा हम काम करते हैं, वहां न मीडिया होता है, न लाइव

दिखाया जाता है, जिसमें कि हम कोई पार्टी की बात करें। We work as a team. मेम्बर चाहे बीजेपी से हो, चाहे यूपीए से हो, चाहे विरोधी दल से हो या सत्ताधारी दल से हो, कोई फर्क नहीं पड़ता, we work as a team. परंतु मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज जब आप एप्रोप्रिएशन बिल में हेल्थ डिपार्टमेन्ट, आयुष की बात लेकर आये हैं - मैं प्रो. राम गोपाल यादव जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उनकी अध्यक्षता में हमारी हेल्थ विभाग की स्टैंडिंग कमिटी है - जबकि उस डिपार्टमेन्ट ने आपके बजट से बाहर खर्चा किया है, उस एप्रोपिएशन बिल में उसकी सब्सिडियरी डिमांड हम मंजूर कर रहे हैं, तो हमारा भी अधिकार है और अपना अधिकार हम आपके जरिये वित्त मंत्री जी को पहुंचा कर कहना चाहते हैं कि कम से कम उस डिपार्टमेंट को कहें तो सही कि पार्लियामेंटरी कमिटी अपनी रिपोर्ट सिर्फ यहां टेबल करने के लिए नहीं बनाती है, it is the duty of the Department to go through that Committee Report and implement it. It is the duty of the Department. उस डिपार्टमेंट के मंत्री जी को मैं आज ऐसे ही नहीं कह रहा हूं, बल्कि मैं खुद बहुत सारे डिपार्टमेंट्स का मंत्री रहा हूं और उस दौरान विधान सभा के अंदर जब भी कोई रिपोर्ट सबमिट होती थी, तो मैं उसे देखकर उसका इम्प्लिमेंटेशन करता था। उससे बहुत ज्ञान मिलता है, क्योंकि मंत्री तो हममें से कोई बनता है, लेकिन वह महान आत्मा नहीं है, इन सभी आत्माओं के जैसी वह भी एक आत्मा है, लेकिन बहुत सारी आत्माएं इकट्ठी होकर जब ज्ञान देती हैं, तो उसे लेना चाहिए। हेल्थ कमिटी की वह रिपोर्ट, जिसे प्रो. राम गोपाल यादव जी ने तैयार किया है, मैं उस कमिटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि फर्स्ट वेव के बाद जो दिक्कतें आईं, that Committee called all the experts in the meeting. कमिटी ने सारे एक्सपर्ट्स को बुलाकर घंटों तक सुना और उसके बाद आठ महीने पहले अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि सेकेंड वेव आएगी, आपके पास ऑक्सीजन की कमी नहीं है, परंतु वह ऑक्सीजन इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन है - आप स्टोरज और ह्यूमेन हेल्थ के लिए दे सकें, ऐसी ऑक्सीजन की स्टोरेज और सिलेंडर्स पैदा करने हैं, जो कुछ हफ्तों में हो सकता है, लेकिन आप इसे आज से कीजिए। उस कमिटी ने कहा था - Don't export medicines; don't export ventilators; you may need them in our country. यदि जरूरत पड़े तो बाहर से Remdesivir जैसे इंजेक्शन मंगवाकर रखो, काफी महीने पहले उस कमिटी ने कहा था। उस कमिटी ने यह कहा था कि ICU beds की जरूरत पड़ेगी, आप ICU beds की बनाइये, उनकी व्यवस्था कीजिए, इनकी दिक्कत आएगी। वह कमिटी, जिसने 6 महीने पहले आपको रिपोर्ट दी थी, आपको उस पर अमल करना चाहिए था। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि पं. राजन मिश्रा एक बहुत बड़ा नाम है, हम सबके लिए फख़्र वाला नाम है। उन पं. मिश्रा जी को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी, ICU bed जरूरत पड़ी, वह पद्म अवार्डी दिल्ली में थे। मैंने प्रधान मंत्री जी तथा दिल्ली के मुख्य मंत्री को गुजारिश की, लेकिन हम उन्हें ICU bed नहीं दे पाये और वे चल बसे, यह हमारे लिए बड़े दर्द की बात है। उसके बाद वाराणसी में आप पंडित राजन मिश्रा के नाम पर सौ बेड्स का कोरोना हॉस्पिटल बनाते हैं। 'बूंद से बिगड़ी हौज से सुधर नहीं सकती है।' यह जो हालत हुई, अगर उस कमिटी की रिपोर्ट आपने पढ़ ली होती तो शायद पंडित राजन मिश्रा जी आज हमारे बीच होते। कई गरीब माताओं के बेटे बेड न मिलने पर, इंजेक्शन न मिलने पर और ऑक्सीजन न मिलने पर ऐसे नहीं जाते। उस कमेटी की रिपोर्ट को हम सही तरह से इम्प्लीमेंट करते। आज सुप्रीम कोर्ट के कहने के बाद, गुजरात में कोरोना से मरने वालों की figure डेढ़ लाख निकली, जबकि सरकार कह रही थी कि सिर्फ 10,000 मरे हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा, तब

सरकार ने स्वीकार किया कि हाँ, डेढ़ लाख लोग कोरोना से मरे। बाकायदा डॉक्यूमेंट्स दिये गये, फॉर्म दिया गया, तो सरकार को मानना पड़ा कि कोरोना की वजह से सिर्फ गुजरात में डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हुई है।

महोदय, मुझे कहना है कि आप हाईवेज़ की बात करते हैं, नेशनल हाईवेज़ की बात करते हैं। मैं कल ही भावनगर से आ रहा था। वह सीधा सा रास्ता है। गाँव के लोग कहते हैं कि साहब, यह रास्ता बना हुआ है, यहाँ नेशनल हाईवे बना रहे हैं, इसको चौड़ा कर दें, एक बार तो हमने अपनी जमीन दे दी है, हम कह रहे हैं कि इसमें हमारी जमीन दोबारा चली जायेगी, आप थोड़ी सी alignment change कर लीजिए। क्या हुआ? ऑफिसर्स में arrogance इतनी ज्यादा है कि उन्होंने उनकी बात ही नहीं सुनी। ...(**व्यवधान**)... हाँ, कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में इसका स्कोप नहीं है। मैं उसके लिए यह बोलता हूँ कि तब आप सपोर्ट कर रहे थे। यह जो फिल्म बनी है, वह आपके काल में, जब आप सपोर्ट कर रहे थे, तब की घटना पर बनी है। उसकी बात करना चाहते हैं या क्या कहना चाहते हैं? ...(**व्यवधान**)... सर, वे मुझे स्कोप से बाहर ले जा रहे हैं। जब वे सपोर्ट कर रहे थे, उनका नेता गवर्नर था, तब सबसे ज्यादा पंडितों का पलायन हुआ। आप यह क्यों बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... बैठे-बैठे बोलना बहुत आसान है। इतिहास को तोड़ कर पेश कर लीजिए, मगर आप इतिहास बदल नहीं सकते हैं, जो इतिहास सच्चाई है, वह है।

महोदय, मैं यह कह रहा था कि हिम्मतनगर से गांधीनगर की ओर आते हुए गाँव के लोग ऐसे नेशनल हाईवे में फँसे हैं कि अपने हर व्यवहार में उनको इस ओर और उस ओर आना-जाना पड़ता है और टोल देना पड़ता है। रोड पूरी नहीं हुई, उनको सर्विस रोड देना आपकी जिम्मेवारी है, जो निभायी नहीं और टोल टैक्स लेना शुरू हो गया है। जब ऐसे डिपार्टमेंट्स subsidiary demands लेकर आते हैं, तब जरूर हमारी यह माँग रहती है। यह एक डिपार्टमेंट है, जो आज आपके Appropriation Bill के अन्दर है। मैं इस डिपार्टमेंट की एक ही बात करता हूँ। मैंने भी subsidy छोड़ दी। प्रधान मंत्री जी भाजपा के नहीं, पूरे देश के प्रधान मंत्री हैं। जब उन्होंने अपील की कि मित्रो, जिसके पास व्यवस्था है, वह subsidy छोड़े, क्योंकि गरीबों को gas connection देना है, तो मैंने छोड़ दी, देश के बहुत से लोगों ने, लाखों-करोड़ों लोगों ने छोड़ दी। जिस गरीब ने एक बार gas cylinder लिया, वह दूसरी बार उज्ज्वला का cylinder नहीं ले सकता है, क्योंकि उसके दाम इतने ज्यादा हैं कि यदि आप उसको free नहीं देंगे, तो उस उज्ज्वला स्कीम का क्या होगा? सिर्फ पेट्रोल पम्प के पास अपनी एक बहुत बड़ी hoarding लगायी कि 'उज्ज्वला' से धुआँ फूँकने वाली मेरी बहनों की आँखें अच्छी होंगी। क्या आपने इसका data देखा? मैंने देखा है और मैं challenge करता हूँ। जो आदमी एक बार उज्ज्वला का कनेक्शन लेता है, उसको cylinder refill करवाने के लिए जाने में दिक्कत है। अगर हमने subsidy छोड़ी, तो आप मदद कीजिए। हम कहते हैं कि जब आप वह demand लेकर आयेंगे, तो हम unanimous उसको support करेंगे। उस गरीब को, उस जरूरतमंद को free में gas का cylinder दीजिए, तभी आप उसको धुएँ से मुक्त कर सकते हैं, वरना तो यह सिर्फ publicity हो सकती है, जिसका कोई फायदा हम नहीं दे सकते हैं।

उपसभापति महोदय, मैं आपके जरिए माननीया वित्त मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि Budget, Appropriation Bill के जरिए आप जो subsidiary demands लेकर आयी हैं, उसमें मैंने आपके सारे खर्चों को देखा। पहले जिसको plan Budget and non-plan Budget

कहते थे, उसको हम capital expenditure और revenue expenditure क्यों कहते हैं? आप पैसा ऐसे खर्च कीजिए कि उससे sustainable development हो, जहाँ से रोजगार भी पैदा हो और आने वाली पीढ़ियों को भी फायदा हो। वहाँ तो नहीं होता है। हम publicity के लिए कितना भी खर्च कर लें, लेकिन हम treasurer हैं, हम जनता की treasury के treasurer हैं, हम जनता की treasury के मालिक नहीं हैं, यह हमारे पसीने की कमाई नहीं है। उस गरीब ने भी मेहनत की है, यह उससे आई हुई tax की कमाई है। हमें इसके ऊपर वैभव करने का अधिकार नहीं है, हमें इसके ऊपर मौज करने का अधिकार नहीं है।

गांधी जी गरीब के बेटे नहीं थे, वे बहुत बड़ी हवेली में पैदा हुए थे। गांधी जी की अफ्रीका में बहुत अच्छी वकालत चल रही थी। उनके पास पैसे थे, परन्तु दिल में गरीबों के लिए भाव था, तो वे सिर्फ धोती पहन कर third class के डिब्बे में जाते थे। लेकिन आज अगर कोई यह कहता है कि मैं गरीब का बेटा हूँ और अगर वह यह कहता है कि सामने जो हवाई जहाज खड़ा है, उसमें नहीं, स्पेशल हवाई जहाज से ही जाऊँगा, तो यह भावना गरीब की नहीं हो सकती है। गरीब की भावना तो वह होती है, जो गांधी जी में थी। गांधी जी एक हवेली में पैदा हुए थे, पर दिल में गरीब का भाव था, इसलिए वह धोती आ गई। यदि कोई झोंपड़ी में पैदा हुआ है और यदि उसके दिल का भाव बदल जाता है तथा वह लाखों के सूट के बिना रह नहीं सकता, तो उसे गरीब नहीं कहा जा सकता। उसमें वह भाव होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

श्री शक्तिसिंह गोहिल : मैंने कहां प्रधान मंत्री जी का नाम लिया? आप क्यों नाम ले रहे हैं? आप क्यों ऐसा कर रहे हैं? मैं parliamentary language में बोलता हूं, मैं general बात कर रहा हूं, आप उसमें प्रधान मंत्री जी को क्यों जोड़ रहे हैं? मैंने तो प्रधान मंत्री जी को कुछ नहीं कहा।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : गोहिल जी, आप चेयर को एड्रेस करें।. ...(**व्यवधान**)... Please. ...*(Interruptions)*.. . कृपया, आपस में बात न करें। ...(**व्यवधान**)...Gohil*ji*, please address the Chair. ...*(Interruptions)*.. . Please ... कृपया, आपस में बात न करें। ...(**व्यवधान**)...माननीय गोहिल जी, आपकी बात रिकॉर्ड में जा रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री शक्तिसिंह गोहिल : आप ऐसी बात क्यों करते हैं, मुझे बड़ा दुख होता है, प्रधान मंत्री जी मेरे गुजरात के हैं। बिना वजह जोड़ देते हैं। मैं तो जनरल बात कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं रनिंग कमेन्ट्री का जवाब नहीं दे रहा हूं, मैं तो अपनी लाइन पर था। मैं गांधी जी को प्यार करता हूं, यदि इससे किसी को दिक्कत है ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : गोहिल जी, आप दो मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री शक्तिसिंह गोहिल : मुझे वित्त मंत्री जी से बहुत उम्मीद है, मैं उनको करीब से जानता हूं। मैंने उनके साथ TV पर पहले बहुत डिबेट की है, इसलिए जिनसे उम्मीद है, उनसे कह रहा हूं। उनकी limitations मैं समझ सकता हूं, पर जहां जितना हो सकता है, वहां करने की आवश्यकता है। चाणक्य जी ने कहा था कि आपके रेवेन्यू का सोर्स कमंडल की तरह होना चाहिए, ताकि जब डालो, तुरंत भर जाए और जब निकालने की बारी आए, तो उसे छोटी सी कटोरी में भी परोसा जा सके। आपको यदि टैक्स लेना है, तो उन बड़े मगरमच्छों से तुरंत ले लीजिए, पर गरीब को बख़्श दीजिए और जब देने की नौबत आए, तो बड़े मगरमच्छों को देने की जरूरत नहीं है। अंत में मैं फिर से कहता हूं कि आपकी जहां शिक्षा हुई है, उसे लेकर भी मेरी बड़ी श्रद्धा है। मैंने बहुत से JNU passouts को देखा है कि they rise to the occasion, जब जरूरत पड़ती है, उनकी आत्मा आवाज़ उठाती है। मैंने गुजरात में ऐसे IAS, IPS officers देखे हैं, जो JNU passout हैं और बहुत अच्छा काम करते हैं। मनोज कुमार झा जी भी करते हैं, वे JNU passout हैं, जानकार हैं, इसीलिए तो इतना अच्छा बोलते हैं। बिहार से ज्ञान मिले तो मैं कैसे मुंह मोड़ सकता हूं। मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा, मैंने दोनों Appropriation Bills के ऊपर कुछ बातें रखी हैं। मेरा कोई निजी अटैक नहीं, पर वित्त मंत्री जी के ऊपर निजी विश्वास है। इसे positive लेकर, खासकर Comptroller and Auditor General की रिपोर्ट को हर डिपार्टमेंट देखे और उसके मंत्री देखें। इसी प्रकार से parliamentary committee की रिपोर्ट आती है, तो उसे भी हर मंत्री देखे, हर डिपार्टमेंट देखे और उसका implementation हो तथा जहां पर कोई चूक करता है, उसे punishment मिले। आप बड़े-बड़े मगरमच्छों को ज्यादा टैक्स के दायरे में लाइये और एक middle class, गरीब से, भारत सरकार की treasury मत भरिए। कोरोना ने हर बहन की रसोई के बजट को disturb किया है। मैं समझ सकता हूं, आपको बजट बनाने में दिक्कत हुई होगी, पर आपके पास तो source था कि international market में कच्चा तेल सस्ता हो गया, आप अपना टैक्स बढ़ाकर वहां से पैसा ले सकते थे, पर गरीब के घर की रसोई बनाने वाली मेरी बहन का बजट बिगड़ा, उसे ठीक करने का वक्त नहीं था। उपसभापति महोदय, धन्यवाद।

श्री शिव प्रताप शुक्ल (उत्तर प्रदेश)**:** मान्यवर, मैं माननीया वित्त मंत्री जी के इस एप्रोप्रिएशन बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। अभी माननीय शक्तिसिंह गोहिल जी बोल रहे थे। उनको एक प्रदेश के अतिरिक्त और कुछ नजर ही नहीं आ रहा था। जब माननीया निर्मला सीतारमण जी ने बजट रखा, तो वह पूरे देश के लिए रखा, लेकिन उनको यह एहसास हो रहा था कि जब हम भावनगर से चलते हैं, तो भावनगर से चलने के उपरांत.... जब आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने फोर लेन्स, सिक्स लेन्स की कल्पना की, तो वह पूरे भारत के लिए की। एक बार सड़क बनने के बाद भी अगर और जमीन की आवश्यकता हुई, तो उसके बदले किसानों को जो मुआवजा दिया गया, वह चार गुना, छः गुना तक का दिया गया था। उनको इस पर ध्यान देना चाहिए था। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहूँगा कि ऐसे-ऐसे स्थान, जहाँ ऊसर थे, ताल थे, जब वहाँ से भी फोर लेन्स, सिक्स लेन्स गुजरीं, तो माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों के कारण ऐसी जगहों पर, जहाँ पर लोग खेती भी करने नहीं जाते थे, वहाँ उनकी जमीन का उन्हें जो पैसा मिला, उससे वे करोड़पति तक बन गए। वास्तव में मुझे लगता है कि हमें इस बात पर जरूर विचार करना चाहिए कि हम जो सदन में बैठे हुए हैं, हमें सदन में बैठ करके पक्ष और

विपक्ष की न सोच करके देश के बारे में सोचें। माननीया निर्मला जी ने जो बजट रखा, वह पूरे देश के लिए रखा, विपक्ष के लिए केवल आलोचना करने के लिए नहीं रखा था।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : कृपया आप सीट पर बैठ कर न बोलें। सुष्मिता जी, कृपया आप बैठ कर न बोलें।

श्री शिव प्रताप शुक्ल: सर, यह उनकी आदत है, इसलिए हम सब लोग मानते हैं कि वे बोलेंगी ही।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : कृपया आप भी चेयर को address करें।

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मान्यवर, मैं यह जरूर कहना चाहूँगा कि यही वह सदन है, जिस सदन में एक बार एक बिल आया था, जो जम्मू और कश्मीर के संदर्भ में था। भारत के यशस्वी गृह मंत्री, अमित शाह जी ने जम्मू और कश्मीर के संदर्भ में यह रखा था कि वहाँ पर Backward classes, Scheduled Castes और Scheduled Tribes को आरक्षण तक नहीं दिया जाता है। उधर के लोगों ने भी इसका मेज़ थपथपा कर स्वागत किया था, लेकिन माननीय अमित शाह जी द्वारा उस बिल को रखने के पहले कभी भी इस पर विचार नहीं किया गया था कि जम्मू और कश्मीर में Backwards, Scheduled Castes और Scheduled Tribes को आरक्षण दिया जाना चाहिए। पहले इस संबंध में कभी भी सोचा नहीं गया था। हाँ, यह जरूर हुआ कि जब वहीं 35A और 370 की बात आई, तो यही सदन गवाह है कि * ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will examine it. It will be examined. ...*(Interruptions)*...

सुश्री दोला सेन (पश्चिमी बंगाल): सर, इसको expunge कीजिए।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will be examined. I have already told. ...*(Interruptions)*... Please. I have already told you. It will be examined. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : दोला जी, आपने देखा था, सुष्मिता जी ने शायद उस समय देखा नहीं था। आपने भी वह दृश्य देखा था, क्योंकि उस समय आप यहाँ पर थीं।

श्री उपसभापति : माननीय शिव प्रताप शुक्ल जी...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मुझे लगता है कि आप उस दृश्य के संदर्भ में सोच सकती हैं कि नहीं - मैंने सही कहा है, गलत नहीं कहा है। मैं कोई गलत तथ्य प्रस्तुत नहीं कर रहा हूँ।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री उपसभापति : प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मैं कोई गलत तथ्य प्रस्तुत नहीं कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... श्रीमान, अब मैं data wise statistics में नहीं जाऊँगा। ...(**व्यवधान**)... इन्होंने भी स्वयं निर्मला जी के एक भी बजट को data wise नहीं किया है, सब vague किया है। मैं माननीय शक्तिसिंह जी की बाहर बहुत इज्ज़त तो करता ही हूँ, अंदर भी इज्ज़त करता हूँ और मैं यह मानकर चलता हूँ। जब ये खड़े हुए, तब मुझे लग रहा था कि आज कुछ अच्छे-अच्छे प्वाइंट्स मिल जाएंगे, मुझे भी बोलने को मिल जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

DR. SANTANU SEN (West Bengal): Sir, point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Is he yielding? Under which rule?

DR. SANTANU SEN: Sir, under Rule 261.

श्री उपसभापति : डा. सांतनु सेन जी, आप बोलिए।

DR. SANTANU SEN: Sir, if the Chairman is of opinion that a word or words has or have been used in debate which is or are defamatory or indecent or unparliamentary or undignified, he may in his discretion, order that such word or words be expunged from the proceedings of the Council.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Sen, I have seen it. मेरी रिक्वेस्ट होगी कि जब भी चेयर से कोई बात कही जाती है, तो उसे ध्यान से सुनें। I have already told that it will be examined. Please. ...*(Interruptions)*... Mr. John Brittas, do not disturb the House. Please, let the discussion continue. सीट पर बैठकर बोलने से वैसे भी आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... Please, not allowed.

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मान्यवर, इन लोगों के बोलने पर मुझे एक शेर याद आता है। ...(**व्यवधान**)... हमारी स्थिति वह है, जो मैं कहने जा रहा हूँ -

"जो होता है वो होने दो, यह पौरुषहीन कथन है।
हम जो चाहेंगे वह होगा, इन शब्दों में ही जीवन है।"

हम जो चाहेंगे, वह होगा का मतलब यह है कि हम देश का हित चाहते हैं। यह संघ-राज्य है, हम प्रदेश का हित भी चाहते हैं। प्रदेश और केन्द्र, दोनों मिलकर साथ-साथ काम करें, तो संघ बनता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मुझे मालूम है कि हम लोगों का कार्य, जो केन्द्र सरकार कर रही है, हम लोगों का बोलना, जो हम केन्द्र के प्रश्नों को रख रहे हैं, हम लोगों की आवाज, जो हम माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीया वित्त मंत्री जी की बात कह रहे हैं, यह कहीं न कहीं आप सभी लोगों को पीड़ित कर रहा है कि हमारी बात, जो जबर्दस्ती की है, वह क्यों नहीं होती है? ...(**व्यवधान**)... मैं शक्तिसिंह जी की बात का जवाब देता हूँ। शक्तिसिंह जी ने यहाँ इस बात को कहा था कि जीएसटी को डिस्ट्रीब्यूट क्यों नहीं किया जाता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री शक्तिसिंह गोहिल : क्या?

श्री शिव प्रताप शुक्ल : माननीय शक्तिसिंह जी जीएसटी के संदर्भ में आपने कहा था ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... प्लीज़ सीट पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)... आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मैं आदरणीय तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली जी के साथ उनका एमओएस था। मुझे वह समय भी याद है, जब उन्होंने यह proposal रखा था कि अगर सभी वित्त मंत्री, सभी प्रदेश इस बात से सहमत हैं, तो पेट्रोल और डीज़ल को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। लेकिन मुझे इस बात को कहते हुए दुख हो रहा है कि उस समय भी काँग्रेस शासित प्रदेशों के लोगों और केरल के लोगों ने इसका घनघोर विरोध किया, जिसका परिणाम यह था कि उस समय श्री अरुण जेटली जी के द्वारा रखा गया वह प्रस्ताव इस नाते ही पारित नहीं हो पाया था और आज भी पेट्रोल और डीज़ल जीएसटी के दायरे में नहीं आ पाए हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मैं जो बोल रहा हूं, वह एकदम सत्य बोल रहा हूँ। आप जाकर जीएसटी काउंसिल की उस मीटिंग को देखिए। ऐसा नहीं है कि मैं असत्य बोल रहा हूँ। आपके वित्त मंत्री ने सबसे पहले इसका विरोध किया था। पश्चिमी बंगाल के वित्त मंत्री ने विरोध किया था। ...(**व्यवधान**)... उसी समय कांग्रेस की राजस्थान की सरकार बनी थी, छत्तीसगढ़ की सरकार बनी थी, उन्होंने भी इस बात का विरोध किया था। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, केवल उस मीटिंग में नहीं, बल्कि उस मीटिंग के पहले भी एक स्थान पर बैठकर इन लोगों ने यह निर्णय लिया था कि ये उसका विरोध करेंगे। ...(**व्यवधान**)...सदन केवल विरोध का विषय नहीं होता है। ...(**व्यवधान**)...सदन का विषय यह होता है कि अगर आदरणीया निर्मला जी ने कुछ अच्छी बात कही है, तो उस अच्छी बात का समर्थन किया जाए। अगर उन्होंने कोई ऐसी बात कही है, जिससे देश का अहित होता है, तो आपको छूट है कि आप पूरे तौर पर कहिए कि यह गलत है। लेकिन जब वे सब बातें सही ही कहेंगी, तो कम से कम आपको आदर के साथ उस भाव को लेना चाहिए

था, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। आपने कहा कि आप इन-इन विभागों के मंत्री थे, भगवान करे आप और कई विभागों के मंत्री रहें, अगर कभी मौका मिलेगा तो आप और भी विभागों के मंत्री बन जाइएगा। ...(**व्यवधान**)... यह लोकतंत्र है, इस लोकतंत्र में किसी को भी कुछ भी बनने का अधिकार है। ...(**व्यवधान**)... अच्छा, आप लोग ऐसी बात करते हैं, आप ज़रा यह सोचिए कि हमारे पास सभी लोग चले आ रहे हैं, अगर कल वे भी हमारे पास चले आएँ, तो फिर कौन सी बड़ी बात हो जाएगी? वे भी हमारे हो जाएँगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : माननीय शुक्ल जी, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...आप सभी से आग्रह है। ...(**व्यवधान**)...माननीय शुक्ल जी, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...माननीय जॉन ब्रिटास, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मैं माननीय शक्तिसिंह जी के भाषण पर ही बोल रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... आप यह देखिए कि अभी बजट आएगा और आप यह देखिए कि ...(**व्यवधान**)...

डा. अमी याज्ञिक (गुजरात)**:** आप तैयारी करके नहीं आए हैं क्या? ...(**व्यवधान**)..

श्री शिव प्रताप शुक्ल : नहीं-नहीं, तैयारी करके आने की कोई बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, यहाँ बजट भी आया और जम्मू-कश्मीर का भी बजट आया। अब आप देखिए कि लोग क्या सोचते हैं। जम्मू-कश्मीर का बजट आने से पहले समाचार-पत्रों ने बहुत ही मोटे हेडिंग में लिखा कि निर्मला सीतारमण जी 1 लाख, 10 हज़ार करोड़ रुपये तक का बजट पेश कर सकती हैं, इससे जम्मू-कश्मीर पूरा सुधर जाएगा। मुझे इस बात का गर्व है कि अन्य बजट तो छोड़ दीजिए, अकेले जम्मू-कश्मीर के बजट को जब आदरणीया निर्मला जी ने पेश किया था, तो जहाँ पहले 1 लाख, 10 हज़ार करोड़ रुपये की बात हो रही थी और यह कहा जा रहा था कि इससे जम्मू-कश्मीर सुधर जाएगा, वहाँ इन्होंने 1 लाख, 42 हज़ार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह भारत सरकार है और यह भारत सरकार जब सबके हित के संदर्भ में बात करती है, तो स्वाभाविक रूप से यह बात सामने आती है कि किसी राज्य में कम न हो जाए, हर राज्य को उसका समान अधिकार मिले। संघ-राज्य की कल्पना के अनुसार ऐसा कोई भी राज्य न रहे, जिसको हम न दे सकें।

मान्यवर, अभी पेयजल की बात आई। 'हर घर नल' योजना के द्वारा हर घर में नल के द्वारा जल उपलब्ध कराने की बात की गई है। यह आपके बजट का ही परिणाम है कि आज की स्थिति में ...(**व्यवधान**)...अगर बजट न रहे, तो क्या आप नल ले लेंगी? ...(**व्यवधान**)...

श्री सैयद नासिर हुसैन (कर्नाटक)**:** आप नल पर नहीं, बिल पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : मैं बिल पर ही बोल रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...बिल से ही नल उपजा है। वे गरीब, जिनको आपने कभी पीने का पानी नहीं दिया था -- जब यहाँ जनजातीय कार्य मंत्रालय पर चर्चा हो रही थी, तो आपके ही सदस्यों ने यह कहा कि हम जाकर तालाब से पानी पीते थे -- आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने उनके घरों में जाकर नल लगवा दिया और वे अब नल का पानी पी

रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप अपनी बात को सोचें कि आप लोगों ने भारत को किस स्थिति में खड़ा कर दिया था। आज श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार भारत को जिस स्थिति में ले गई है, इसकी चर्चा देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी होती है, तो भारत का प्रधान मंत्री पूरे विश्व में लोकप्रियता के शिखर पर पहले नम्बर पर आता है। आप नरेन्द्र मोदी जी से जलते हैं, लेकिन कम से कम भारत की इज्ज़त करना सीखिए। अगर नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता शिखर पर आती है, तो भारत की लोकप्रियता भी शिखर पर आती है, लेकिन आपको न नरेन्द्र मोदी जी समझ में आएंगे, न भारत समझ में आएगा और न कश्मीर समझ में आएगा। आपको सिर्फ यह समझ में आएगा कि कैसे हम विरोध करें! ...(**व्यवधान**)... इस नाते निश्चित रूप से मुझे यह लगता है कि आप लोगों को इस पर विचार करना चाहिए कि आज जिस Appropriation Bill पर बात हो रही है, जो आदरणीया निर्मला जी ने प्रस्तुत किया है, आपको उसकी सराहना करनी चाहिए थी ...(**व्यवधान**)... और सराहना करते हुए कहना चाहिए था कि आज उन्होंने जिस प्रकार से सड़कों को पुनर्जीवित किया, हर घर में नल पहुंचाया, शिक्षा पर बजट बढ़ाया, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने का काम किया और जिस प्रकार से आदरणीया निर्मला सीतारमण जी ने पहले प्रदेश सरकारों से बातचीत करके, अन्य प्रतिनिधियों से बात करके इस बजट को रखा था, ...(**व्यवधान**)... यह बिल ही है। जब वे बोल रहे थे, तब किसी ने नहीं कहा कि बिल पर बोलिए, लेकिन जब हम बोल रहे हैं, तब आपको लग रहा है कि हम बिल पर नहीं बोल रहे हैं। अगर हम बिल पर नहीं बोल रहे हैं, तो किस पर बोल रहे हैं! ...(**व्यवधान**)...

मान्यवर, हमने सांस्कृतिक विरासत को मज़बूत किया। हम पूरे तौर पर देश को आधुनिक भारत बनाने की तरफ अग्रसर है, इस नाते आज स्थिति यह है कि माननीया निर्मला सीतारमण जी ने एक ऐसा बजट पेश किया था, जिस बजट की पूरे उद्योग जगत ने सराहना की, न्यूज़पेपर्स ने सराहना की और अर्थशास्त्रियों ने भी सराहना की। उन्होंने यह कहा कि इस बजट ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब भारत की आर्थिक स्थिति और अधिक मज़बूत होगी। उन्होंने यह कहा कि इस बजट ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब अपने संसाधनों के द्वारा पूरे विश्व में एक नई ऊर्जा के साथ खड़ा होगा। उसी का परिणाम था कि माननीय प्रधान मंत्री जी - जो बात मैंने आपसे कही ...(**व्यवधान**)... वही सुना है कि नम्बर एक पर आए हैं, जो आप लोगों को पच नहीं रहा है।

श्री उपसभापति : कृपया आपस में बात न करें।

श्री शिव प्रताप शुक्ल : जो आप लोगों को पच नहीं रहा है। ...(**व्यवधान**)... आप पहले पचाना सीखिए। आप जनता के दिए गए mandate को सुनिए। उसने तो आपको ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि आप बोलने लायक भी नहीं रह गए हैं, बात करने लायक भी नहीं रह गए हैं। ...(**व्यवधान**)... हां, आज हमारा वक्त है तो वक्त चलने दीजिए। यह मेरा वक्त नहीं है, यह भारत का वक्त है। हमारा वक्त, भारत की जनता का वक्त है, हम भारत की जनता की तरफ से उसके प्रतिनिधि के रूप में बोल रहे हैं। उसने आज संसद में आपको विपक्ष में रखा है और हमें पक्ष में रखा है। हम पक्ष में रहते हुए निश्चित रूप से उसके हित की बात करेंगे, लेकिन आप अपना हित चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं उसी पर बोल रहा हूं, अगर आपको समझ में नहीं आ रहा है तो जाइए और सीखकर आइए। जब आप सीखकर आएंगे, तब आपको भी यह बात पता चलेगी कि जो मैंने बोला

है, वह आदरणीया निर्मला सीतारमण जी द्वारा लाए गए बिल पर ही बोला है। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, आपस में बात न करें। आप सबकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... जो माननीय सदस्य बैठकर आपस में बात कर रहे हैं, वह बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है, आप बेकार में अपने गले को तकलीफ दे रहे हैं। शिव प्रताप शुक्ल जी को बोलने दीजिए।

3.00 P.M.

श्री शिव प्रताप शुक्ल : श्रीमन्, माननीय मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...जो भी कहते हैं, सच कहते हैं, सच के सिवा कुछ नहीं कहते हैं।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: प्लीज़...प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्ल : श्रीमन्, मैं निश्चित रूप से इस बात को कह सकता हूं कि शक्तिसिंह गोहिल जी ने इस एप्रोप्रिएशन बिल पर अपना विषय रखा था। माननीया निर्मला सीतारमण जी ने जो विषय रखा, आगे भी वे इस पर अपना पूरा विषय रखेंगी। मैं इस बात को कह सकता हूं कि निश्चित रूप से यह बजट भारत के हित का बजट है, देश की जनता के हित का बजट है, देश को आगे ले जाने वाला बजट है, देश में एक नई ऊर्जा देने वाला बजट है और प्रधान मंत्री जी की नीतियों के अनुरूप यह बजट है। इस नाते मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल पर माननीया निर्मला जी के द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति : डा. सांतनु सेन।

DR. SANTANU SEN : Mr. Deputy Chairman, Sir, when in the last ten days, the price of kerosene has become sky high and the poor are crying, I do stand here on behalf of the third largest party of this House, the pro-people party, All India Trinamool Congress, led by Madam Mamata Banerjee, who has already done a historic hat-trick a few months back and became the third time Chief Minister in West Bengal. The Central Government is seeking approval for gross additional expenditure of more than Rs.1.58 lakh crore for 2021-22. As our party believes in real facts and figures, I would like to draw the kind attention of the learned Minister to specific points. Firstly, on infrastructure, the Central Government has sought nearly Rs.5,000 crore for capital injection in the National Bank for Financing Infrastructure, Development and Recapitalisation of public sector general insurance companies. We all know that this NBFID is a Government set up and it was set up as a corporate body with an authorised share capital of Rs. 1 lakh crore. There are huge resources that are going

to be mobilised and yet there is no external oversight, external surveillance or external monitoring. Moreover, it is still unclear as to why such an entity has been created when, in the past, similar such entities have miserably failed.

Sir, what has the Government learnt from its previous experiences or failures? Are these being considered before such a huge capital injection? I would say that India's biggest problem is the lack of a deep and liquid corporate bond market. So, unless the country develops a broad-based liquid bond market, it is difficult to be able to get to the pool of domestic savings into infrastructure.

Sir, so far as the insurance sector is concerned, New India Assurance Company, National Insurance Company Limited, United India Insurance Company Limited and Oriental Insurance Company Limited are the four PSUs in the general insurance sector. Out of these four PSUs, three of them have been suffering losses over the past few years. So far as the National Insurance Company Limited is concerned, the loss in the last year, 2020-21, is nearly Rs.2,500 crore. So far as the Oriental Insurance Company Limited is concerned, it is nearly Rs. 1,500 crore. In the Monsoon Session of Parliament in 2021, the Government introduced and passed a Bill, the General Insurance Business (Nationalisation) Amendment Bill, which has allowed for the privatisation of the public sector insurance companies. There are reports that the Government will sell the United India Insurance Company Limited, which could be followed by the privatisation of one or more of the remaining three. This move will impact crores of retail customers and thousands of persons employed by these organisations.

Sir, the Cabinet Committee on Economic Affairs had a meeting in July, 2021; there was a proposal which was passed to say that a portion of the Government's holding in LIC will also be sold out.

Sir, we all know that policyholder's money for policyholder's welfare was the basic ethics and basic policy of the LIC, which is going to be jeopardised miserably. Since 1956 when the LIC Act was enacted, we all know that because of certain reasons the assets of LIC were undervalued, but now when a portion is going to be opened in the market, there is a big chance of corruption as far as asset values are concerned. It will finally be the shareholders benefit and the policy holder's loss.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR) *in the Chair*.]

The actual fact is, selling family silver has become the Government's mainstay nowadays. They are selling out the profitable PSUs. They are shouting *Bharat Mata Ki Jai* and they are selling each and every ornament of *Bharat Mata*. That is the most

unfortunate part of this Government. As far as health is concerned, it is close to my heart because I am a health care personnel, I am a Covid warrior and fortunately I happen to be the past National President of the Indian Medical Association. Let me tell you a fact, the budgetary allocation for India is even much less if you compare the same with some small neighbouring countries. This is very unfortunate. Do you know the quantum of allocation increase for health for 2022-23? It is 0.008 per cent. Yes, it is. The budgetary allocation is so miserable. The health care sector has been at the cusp of recovery from the pandemic and the Government's apathy, then as well, when thousands died for lack of resources. We have seen how miserable the situation was during this Covid pandemic. We had seen the dead bodies which were floating in the river. We had seen the international journal, LANCET, many of the countries were criticising our Covid handling policy. Our vaccination policy was being miserably criticised. But unfortunately, we didn't take any lesson from this. Also, in the Supplementary Demands for Grants, the Ministry has asked for a mere Rs. 500 crores in addition to its initial demand. This shows the inadequacy of the funds being allocated during a pandemic that has caused lakhs of deaths in the country. Not only is there sub-par allocation, but also poor utilization. Let me cite some examples. Allocation in 2021-22 was seven per cent less than the Actual Expenditure for 2020-21. Importantly, the transfer to States for Covid-19 vaccination has fallen from Rs. 39,000 crores in 2021-22's Revised Estimates to Rs. 5000 crores in 2022-23 Budget Estimates. This is a huge decrease. This Government has never believed in cooperative federalism. That is the main problem. We have seen faulty vaccination policy. On International Yoga Day and, on our Prime Minister's birthday, there was a sharp rise in vaccination. On the next day, there was a sharp fall in the vaccination. It is absolutely shameful. The problem is, this Government is full of egos. My suggestion is, why don't you keep apart your ego and why don't you follow the golden health policy of Bengal, free health for all? *Swasthya Sathi Card* empowers women to get her parents treated by *Swasthya Sathi Card*. This is a unique policy in the universe. Why does our Government not follow the policy of Bengal? I don't know. It is because they are fully egoistic. As far as MGNREGA is concerned, the Government has run out of money to fund MGNREGA project. Actually, the allocation for this year saw a decrease of 25 per cent from the Revised Estimate of 2021-22 and a decrease of 34 per cent from the actual expenditure of 2020-21. In the Supplementary Demands for Grants, the Ministry has requested additional funds of Rs. 9,668 crores. Why this massive discrepancy? The reason is, a few years back, our learned Prime Minister said that in this project they do nothing but are digging ditches. He is possessing this idea about the MGNREGA policy and he ridiculed nearly 80 million people in his

speech in 2015. We all remember it. What are we doing in Bengal? Let me cite an example. In our party manifesto, during 2021 Assembly Elections, our Respected Chief Minister said that the wages have been doubled and 100 days guarantee has been made to 200 days guarantee. It is so much important a project in our State of West Bengal and is so much neglected a project in the rest of the country.

As far as food subsidy is concerned, the problem actually is that the Government wanted to dismantle everything. If you look at the Global Hunger Index, we are ranked at 101 out of 116 countries! Over 4 out of 5 households in the country saw a fall in income and 4.5 crore Indians fall into extreme poverty in 2020! And, as per Oxfam's 'Inequality Kills' Report, inequality and poverty lead to death of 21,000 per day! Moreover, in so far as the World Bank Report is concerned, malnutrition is a key issue and India is in the worst situation when compared to other BRICS Member countries. If you look at the Report of FAO of the UN, it says that India can never reach zero hunger by 2030 if one looks at the way the declining is going on. Despite this abysmal performance in ensuring provision of basic things, the food subsidy bill has fallen from Rs. 2,86,469 crores to 2,06,831 crores in 2022-23. So far as fertilizer subsidy is concerned, in the fiscal year 2020-21, the Government spent Rs. 1,28,000 crores. In the Union Budget of 2021-22, it was reduced to Rs. 79,000 crores. Due to agrarian crisis, this was revised to RS. 1,40,000 crores and, now, it has been reduced by 25 per cent, thereby it has come down to Rs. 1.05 lakh crores.

Sir, the BJP Government had promised to double the farmers' income. Our Government, in our State of West Bengal, led by our Madam promised in 2011 that we will double the income and, now, it has become triple. This puts the target income in 2022 at Rs. 21,146. But, unfortunately, it is just half now. Sir, India and the entire world has witnessed the largest farmers' agitation. We have seen farmers committing suicide. We have seen farmers getting run over by the Minister's car and that Minister's son was bailed out in the State during elections to win a State! The entire country is a witness to it.

Sir, so far as women and children are concerned, the Budget allocation for Mission Shakti was increased by just 2.3 per cent, at a time when crimes against women were as high as nearly 4 lakh in a single year! Sir, just come to the State of West Bengal, the entire budgetary allocation for Beti-Bachao-Beti-Padhao is less than a State project like Kanyashree which was awarded internationally at Hague City of Netherlands and our hon. Chief Minister took that award.

Sir, so far as education is concerned, as we have seen, there are a lot of controversies in the National Education Policy 2020, which are yet to be clarified. We

And powers up with them and those powers are just doing their service and not the service of the nation or the poor people. Sir, the workers, peasants, they ask the Government, "Do you remember us only when elections come?" Yes, when polls come, you remember them. Once it is over, you forget them. The country cannot close its eyes to the fact that the LIC, GIC, public sector, everything is going to be finished up by this Government. I do not want to tell you the whole figures of that. LIC is a goose that laid golden eggs for this country and that goose is going to be killed by you. The GIC is also facing the trouble because of the Government's policies. The PSUs are also going to be hauled up by the Ministry. The Finance Minister, even though very, very vocal, when speaking about *Atmanirbhar Bharat*, in real terms is taking very, very dangerous steps about the *atmanirbhar* concept itself because the Government is now supporting the FDI. I wonder how a Government and their party talking so loud about the country's *atmanirbharta*, is now with begging bowls before the FDI. We know what FDI is. It is Foreign Direct Investment and that investment is from the corporates of the world. The whole economy is now being surrendered

before them and the Appropriation Bill is also trying to support that view. So let me finish with the words, we are not expected to be with that move. We oppose it and we continue to oppose it and we say that this kind of a policy is not for the benefit of India. India is a country where the maximum numbers of people who live are poor, the country of hunger, the country of hungry people, and the country where children die before the age of five years. It is a country where maximum numbers of women are facing difficulties due to anaemia. This is a country where the maximum numbers of people, crores of them, have no huts to live in, starving people, people who don't have proper clothing, who don't have place to live, no safe drinking water and no safe air. This country is a house of those kinds of crores of people, but you are thinking about the corporate friends of yours, the FDI friends of yours. For them you have come with the Budget and Appropriation Bills and I oppose this once again. I conclude here. Thank you.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Now, Dr. Fauzia Khan.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I am here to discuss on the Appropriation Bill. It has often been mentioned on the floor of this House that infrastructure in our nation is growing; road infrastructure, railway infrastructure, Government buildings, smart cities and also the Central Vista, which is growing as an urgent priority. But, Sir, while I appreciate the Government for all these efforts, my question is this, at the same time, that shouldn't our concern be on the rising economic disparity that is there in the nation? Isn't it a cause of great concern, particularly, post-pandemic when businesses are permanently shutting down, labourers are migrating with no intention to return, consumers are increasingly becoming reluctant and the RBI underlying the fact that some of the damage to India's GDP is permanent?

Sir, we talk about unemployment and it is said that more than 3 crore youths have lost their jobs during this pandemic period. So, our economy must truly carry the benefit to every section of society. Veins and arteries carry blood to every part of the human body. If one part of the body does not receive the blood, it dries up, it paralyses and the body dies. In the same way, there is an Urdu poet, who has spoken very well about this, मिर्ज़ा ग़ालिब. Everybody must have heard his name.

'रगों में दौड़ते फिरने के हम नहीं क़ाइल,
जब आँख से ही न टपका तो फिर लहू क्या है।'

सर, अगर लहू सिर्फ रगों में दौड़ रहा है, तो उसका क्या फायदा है? जब वह दर्द बनकर आँख से टपकता है, तब सही में अपने देश के लिए फायदेमंद है। मैं आदरणीया वित्त मंत्री जी से यही कहूंगी कि आज हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत तो है, लेकिन उस दर्द की भी जरूरत है, जो इस महंगाई के दौर में आज हर घर की महिला अपने घर में सह रही है। Sir, when we talk about publicity and broadcasting, I would like to say that we should increase the budget for publicity and broadcasting. You go on the road, everywhere, you turn your head, there is a poster which is showing you, 'the achievements of the Government', proclaiming these achievements - free ration, free vaccines, gas connections, toilets. While I have no objection to this proclamation, I wish to add that these digital banners at petrol pumps, these advertisements must mandatorily also carry schemes for the poor; how to apply for these schemes; how to take benefits of these schemes like PMAY, Ayushman Bharat. My own experience is that many people, they are hospitalised, they spend money and then they call up and ask us, 'मैडम, please give us some money; we have spent so much money on our medical bills'. And, we tell them, 'Oh, there is a Government scheme. Why don't you take advantage of it? They say, 'मैडम, अभी तो हो गया, अब आप हमारी मदद कीजिए, हमें पता नहीं था।' 'पता नहीं था', that is very important. So, wherever we are proclaiming our achievements, we should also proclaim our responsibility and we should also make sure that the people come to know about the schemes that are there for them. Years on years, these schemes sometimes are unutilized. Sometimes, people don't know and the poor people and the real beneficiaries don't take advantage of it. So, if we do this, it will be 'सच्चा साथ, सच्चा विकास' and, I think that is what we have to move to - 'सच्चा साथ, सच्चा विकास'.

सर, मैं डिफेंस के बारे में बात करना चाहती हूं। Rs.5.2 lakh crores have been allocated for the Defence Budget which is 9.84 per cent increase over the last year. The Revenue Budget which is mostly based for establishment; Rs.2.33 lakh crores increased by Rs.16,000 crores. But, the major expense - Defence capital outlay; Rs.1.52 lakh crores has seen a 12.2 per cent decline from last year. The reason is that funds have not been utilized. For R&D, only Rs.11,981 crores has been allocated from which also 25 per cent is for Startups and private industry. Sir, today the Russian-Ukraine War has posed a big challenge before the world, although I really feel that the strategy that our nation has adopted is laudable, we have been trying to maintain a balance.

But, it also draws our attention to the fact that we need to become self-reliant in defence as soon as we can. We cannot be doing it in the way as we have been doing it all these years. Therefore, we have to have more spending on Research & Development. There are spy softwares also, as there is technological advance. This

technology is also posing security threats before us. Sir, when we import war equipment, we have to be cautious that there is spyware, there is cyber warfare. For instance, we have purchased fourth generation fighters from France recently. Now, we have to depend on France for maintenance, for technology and for training of those fighters. So, when we buy something from somewhere, we have to depend on that country. Also, we cannot go against that country even if strategically we feel that we should take a stand; that is a compulsion. The world has moved to fifth and sixth generation fighters especially for air force. Sir, my point is that our effort on R& D must be focused and it must be speeded up at a much higher pace than it has ever been. I would like to request our hon. Finance Minister that this should be our focus, if we really want to become *Atmanirbhar*.

Sir, Arun Prakash in his article in today's Indian Express has said, and I quote, "the de-Russification of the armed forces and the genuine indigenization of India's defence technological and industrial base is necessary". We need to de-Russify ourselves. We cannot depend on Russia all the time. Therefore, we have to become *Atmanirbhar*. सच्ची आत्मनिर्भरता इसी में होगी।

Sir, when the Government learns to listen, when the situation demands it and when the Opposition learns to appreciate, when the situation demands it, democracy can move forward more resolutely and more strongly. My colleague, Mr. Manoj Jha quoted something saying that 'I will not make any comment on it'. I would also like to quote a Turkish proverb, "the forest was shrinking, but, the trees kept voting for the axe. For the axe was clever and convinced the trees that because his handle was made of wood, he was one of them". So, Sir, I would not like to make any more comment on this.

At the end, I would only like to say that Elon Musk had dreamed a dream that he would like to make travel into space more affordable for people and that became his greatest selling point, to the extent, that he became the world's richest man at one point of time. Our greatest selling point ought to be our *Atmanirbharta*. But, sorry to say, we have still not been able to make that our selling point the way it should be. Sir, marketing Government's achievements is not our aim; our aim is to benefit the poor, the middle class and to remove the economic disparity that is there in our nation. Thank you, Sir.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Thank you, Sir, for giving me this opportunity of speaking on Appropriation Bills regarding Supplementary Demands for Grants 2021-22 and excess expenditure during 2018-19.

By taking up these two Bills for discussion and passing, this august House is meeting an important Constitutional provision. The provision stipulates that not even a single rupee can be spent by the Government of the day without the approval of the Parliament. These provisions and processes also ensure that there is no misappropriation of monies sanctioned by the Parliament for various items of specified expenditure. Funds sanctioned for ensuring the health of the people cannot be spent on building guest houses. If it is done, it amounts to misappropriation and serious misuse of sanctioned funds besides blatant violation of the Constitutional provisions and the sanctity of legislative approvals duly accorded. The Parliament and other Legislatures of the States are mandated with the responsibilities of preventing such misuse of monies collected from the people. But unfortunately, this kind of misuse of funds has become an order of the day and a routine in case of the present Andhra Pradesh Government. There is no sanctity for budgeting, expenditure norms and accounting of expenditure transparency in Andhra Pradesh. This is all because of serious financial indiscipline in the State. The finances of Andhra Pradesh have been converted into a 'big black hole' by the present Government in my State. Whatever the Central Government gives to the State further to the approval of the Parliament and whatever the people of the State are paying in the form of various taxes, is vanishing into this black hole. There is total lack of accountability and transparency in the spending by the State Government. All this is because of total collapse of financial discipline on the part of the Andhra Pradesh Government. ...*(Interruptions)*.. These are not my words. Two respectable, hon. Ministers of State for Finance of the Central Government have gone on record very recently pointing out lack of financial discipline and gross mismanagement of finances in Andhra Pradesh. ...*(Interruptions)*.. The Minister of State for Finance, Dr. Bhagwat Karad, during his recent visit to Vijayawada has stated in public that there is no financial discipline in Andhra Pradesh. ...*(Interruptions)*..

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Please sit down.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: This was further elaborated by another Minister of State for Finance, Shri Pankaj Chaudhary, in his recent letter dated 11th of this month to one of my colleagues in the Lok Sabha. In this letter, hon. Minister, Shri Chaudhary, pointed out some irregularities committed by the Andhra Pradesh Government with a few examples. He revealed that for the financial year 2019-20, the State Government has wrongly classified Rs.4,378 cores as capital expenditure. This in effect means, that expenditure on other items was shown as capital expenditure. I

raise this point because to encourage capital expenditure, the Central Government encourages States through borrowings and other means. By inflating capital expenditure through wrong classification deliberately, Andhra Pradesh Government is widening the window for borrowings. ...*(Interruptions)*..

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : आप बैठिए, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: This is totally untjustified as it affects the future of the people of the State with the burden of mounting loans.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Please sit down.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: In fact, this has become the *modus operandi* of the Andhra Pradesh Government, borrowing everyday from every source by misleading the Central Government with wrong reporting of expenditure. The State Government is borrowing in a deceitful manner. ...*(Interruptions)*.. It is cheating the people of the State and the Centre as well. ...*(Interruptions)*.. There is yet another equally serious dimension to the financial mismanagement by the Andhra Pradesh Government. The Minister of State for Finance, Shri Pankaj Chaudhary, in his letter also revealed that the State Government has reported unspent funds as expenditure incurred on disaster relief and rehabilitation during 2019-20 and spent those funds the next year. Monies given by the Centre for disaster relief were transferred to personal account of project authorities and were spent on non-relief purposes by diverting disaster relief funds. This is a clear indication of financial disaster in Andhra Pradesh which needs to be checked forthwith. ...*(Interruptions)*.. Concerned over such disastrous financial management in the State, the Minister of State for finance, Shri Pankaj Chaudhary in his letter has highlighted the need for the Government of Andhra Pradesh to take corrective measures. ...*(Interruptions)*.. .

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : अगर कुछ गलत होगा, तो हम उसको examine कर लेंगे। ...(**व्यवधान**)... Please sit down.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: I would like to assure this august House that the State Government will certainly not take up any corrective measures required.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SURENDRA SINGH NAGAR): Please sit down. आप बैठिए, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आप उनको बोलने दीजिए। प्लीज़, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... Please sit down.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: On the other hand, it will continue with its financial misdeed.

उपसभाध्यक्ष (**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**) : प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आप उनको बोलने दीजिए, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आप लोग बैठिए। ...(**व्यवधान**)... Please sit down.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: It is for the Central Government to ensure financial discipline on the part of the Andhra Pradesh Government, and I urge the Centre to do so forthwith. In the latest revelation, the Andhra Pradesh Government has also recently misused Rs.1,798 crores released by the Centre under the National Health Mission and COVID Pakage-2 contrary to the direction of the Centre to transfer these funds to a single nodal account, the State Government has used these funds for other items. As a result, the health of the people of the State has been put to a great risk through misuse of funds, sanctioned for their health! Is this not enough for the Centre to step in forthwith and safeguard interests of the people of Andhra Pradesh? The Centre should do this before it is beyond repair.

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, ...*(Interruptions)*...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: As per the CAG, revenue deficit for 2019-20 was a huge 1486 per cent of the estimate! For the current financial year, it was Rs.40,829 crore for the seven month period of April-October, 2021, as against the Budget provision of only Rs.5,000 crore planned for the full financial year. It reveals an excess expenditure of 816 per cent! The Principal Accountant General, in a letter dated 4.5.2021, to the State Government objected to withdrawal of Rs.41,043 crore, bypassing the Treasury Units violations. This highlights a huge unauthorized diversion of funds. ...*(Interruptions)*...

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, we are sorry; we object to the way the hon. Member is speaking against our Government. ...*(Interruptions)*...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, the State Government has also withdrawn recently Rs.7,000 crore from Panchayati bodies for this purpose.

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, it has nothing to do with us. ...*(Interruptions)*... In protest, we walk out. ...*(Interruptions)*...

(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: In a letter dated 30th June, 2021, the Ministry of Finance, Department of Expenditure, stated: "The borrowing space of the State for any given year is calculated on the basis of information submitted by the State. Once the CAG audited State Finance Accounts are available, the adjustment on account of over-borrowing by the State, arising due to deviation in the information given by the State and information published in the State Finance Accounts is carried out. Accordingly, in the instant case, repayments and other borrowings was considered based on the information provided by the State of Andhra Pradesh vide its letter dated 22.04.2021. An amount of Rs.17,923 crore was adjusted with the available borrowing space of Andhra Pradesh on account of over-borrowing by the State during the earlier years."

Sir, the State Finance affairs in Andhra Pradesh is very serious. The State Government should be prevented from eroding the sanctity of the legislative authorization of expenditure and appropriation of the funds done by both Parliament and the State Legislature. A five trillion dollar economy of India can't be built on financial misappropriation and willful wrong reporting, as is being done by the Andhra Pradesh Government. This is the time for necessary intervention by the Centre before it goes beyond repair. Thank you, Sir.

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI (Maharashtra): Thank you so much, Mr. Vice-Chairman, Sir, for this opportunity. Firstly, to get this out of the way, I stand to oppose the Appropriation (No.2) Bill, 2022 and the Appropriation (No.3) Bill, 2022. Now that I have that out of the way, Sir, एक कवि धूमिल हुए हैं, मैं उनकी दो पंक्तियों से अपनी बात शुरू करना चाहूंगी।

"लोहे का स्वाद
लोहार से मत पूछो,
उस घोड़े से पूछो,
जिसके मुंह में लगाम है।।"

सर, जिस तरीके से ये बजट आ रहे हैं, इन्होंने विकास को लगाम लगा दी है। विकास के अलावा प्रजातंत्र पर भी यह सरकार लगाम लगा चुकी है। इसके अलावा, सरकार ने संविधान पर और रोज़गार पर भी लगाम लगाई हुई है।

सर, मैं पिछले दो महीनों की कुछ हेडलाइंस पढ़ना चाहती हूं, इसी से समझ में आ जाएगा कि लोहे का क्या स्वाद है-- EPF rate slashed to 8.1%, lowest in over 4 decades; MSME suffers most during COVID, lockdown; Public sector banks have MSME NPA of Rs. 1,37,087 crore; Rupee sinks 109 paise, worst in Asia; ये बातें मैं अपने मन से नहीं बोल रही हूं, मैं तो बस हेडलाइंस पढ़ रही हूं। Industrial growth fell to 10 month low at 0.4 per cent in December; Income of poorest plunge to 53 per cent in five years, those at the top surge by over 40 per cent; amidst bilateral trade, India-China trade marks record surge in 2021; 60 per cent saw income halved in two years of pandemic; Joblessness rate in double digits between April and June, 2021; Joblessness rate in youth jumped to 26 per cent in financial year 2022, Q1; Women, 31 per cent worse over the men at 24 per cent; States showing high unemployment rates; सर, जम्मू-कश्मीर की बहुत बात होती है, उनके साथ किस तरीके का दुर्व्यवहार हो रहा है, इसकी बात भी होती है। आपको नफ़रत पर लगाम लगानी चाहिए, लेकिन आपने तो रोज़गार पर लगाम लगाई हुई है--Jammu and Kashmir at 43 per cent; Madhya Pradesh at 31.4 per cent; Uttarakhand at 36.6 per cent; Uttar Pradesh at 24.7 per cent.

ये पिछले दो महीने की हेडलाइंस हैं, उन्हीं से आपको समझ में आ जाएगा कि यह एप्रोप्रिएशन है या * है या क्या है, मैं इस पर ज्यादा नहीं जाना चाहूंगी ...(**व्यवधान**).. मैं आपको सब दे दूंगी, सोर्स के साथ दे दूंगी, आप टेंशन मत लीजिएगा, शायद आजकल आप अखबार नहीं पढ़ रहे हैं।

SHRI G. V. L. NARASIMHA RAO(Uttar Pradesh): Sir, I would request...

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: I will give you all the sources. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**) : मैं इसे चैक करा लूंगा। ...*(Interruptions)*... Jayaji, please sit down. अगर ऐसा होगा, तो हम इसे चैक करा लेंगे। ...(व्यवधान)..

श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी : सर, मैं सब ऑथेंटिकेट कर दूंगी, यह एनएसओ का सर्वे है, क्या आप एनएसओ के सर्वे को भी डिनाई कर देंगे?

उपसभाध्यक्ष (**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**) : मैं इसे चैक करा लूंगा।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI G. V. L. NARASHIMHA RAO: The latest... ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : अगर कुछ अनपार्लियामेंटरी होगा तो उसे चैक करा लेते हैं।

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: I will authenticate it. Why are you getting worked up? आधे से ज्यादा समय * बोलते रहते हैं और इसे ऑथेंटिकेट हम करें।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : प्लीज़, आप सब्जेक्ट पर बोलिये। ...(**व्यवधान**).. माननीय मंत्री जी, आप बोलिये।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I just want to be sure, if I heard this right. It is the Appropriation Bill, which has come here, and in its reference, if I heard the hon. Member right, * is an inappropriate word to use, if it was used for this. I would like to draw the hon. Member's attention, if it was used in this context -- an Appropriation Bill comes for discussion and all of us do discuss it -- if that word * is used in the context of the Appropriation Bill, I am sorry it is not correct to use it here. Particularly in terms of the Appropriation Bill, it has come in terms of the excess Demand for Grants. It is based on the PAC's recommendation and we are taking the PAC's recommendation and therefore, coming up with the Appropriation Bill for the excess Demand for Grants.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : अगर कुछ अनपार्लियामेंटरी होगा तो उसे चैक करा लेते हैं।

श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी : सर, मुझे नहीं पता था कि * एक अनपार्लियामेंटरी वर्ड है, हो सकता है, अब हो गया हो। Now, did I say it in that context? I am sorry, Madam, I did not say it in that context. मैं अगली बार कहूंगी कि मिसकैलकुलेशन है तो वह भी अनपार्लियामेंटरी लेंग्वेज हो जाएगी, तो हम विपक्ष किस बात के लिए हैं? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : ठीक है, उसे एग्ज़ामिन करा लेंगे, अगर वह गलत होगा, तो उसे कार्रवाई से निकाल दिया जाएगा।

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: You will say 'miscalculation' is wrong.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : अगर कुछ भी अनपार्लियामेंटरी होगा, तो उसे कार्रवाई से निकाल दिया जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: I am sorry. We will be saying 'miscalculation' and you will say 'miscalculation' is wrong. अब आप हमारे मुंह पर ही लगाम लगा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: I asked a question about its context to the Appropriation Bill, which has come in response to the PAC. I asked a question. I will appreciate if the hon. Member can just explain if she has used it in the context of the Appropriation Bill which is in response to the PAC, and if it is not just in that context I have no answers to give, I have no questions to ask. It is well within the Opposition parties to criticise the Government, but to use the word * in the context of an Appropriation Bill, is it right or wrong? Was it used in that context or not, is what I had asked for.

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: May I continue, Sir, without any further interruptions? I will answer. * of the way policies are handled in this country was right and pretty obvious by all the headlines I have shared and I don't think it is unparliamentary and I don't think it is so objectionable for anyone to take objection to the fact. Now, Sir, I don't want to waste my time nor do I want to waste the Minister's time. She has very important things to do.

SHRI G. V. L. NARASIMHA RAO: Sir, I want to read Rule 235. It says, "Whilst the Council is sitting, a Member — (i) shall not read any book, newspaper or letter except in connection..." *...(Interruptions)...* Can I complete? *...(Interruptions)...*

SHRIMATI JAYA BACHCHAN(Uttar Pradesh): Sir, this is not right. *...(Interruptions)...*

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : जया जी, मैंने उन्हें अलाऊ किया है। ...(**व्यवधान**)... You can't interrupt.

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश) : क्या हम लोग रूल बुक नहीं पढ़ सकते हैं?

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : क्यों नहीं पढ़ सकते हैं! ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI G. V. L. NARASIMHA RAO: Sir, it says, "....(i) shall not read any book, newspaper or letter except in connection with the business of the Council;" and what is being mentioned here has nothing to do with the Bill that is being discussed. That is the Business of the House at this point of time.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेन्द्र सिंह नागर) : ठीक है, हम उसे एग्ज़ामिन करा लेंगे, अगर कुछ भी गलत होगा, तो उसे कार्रवाई से निकाल दिया जाएगा। प्लीज़, आप कंटीन्यू कीजिए। You please continue.

SHRI JOHN BRITTAS: Sir, it is a point of disorder. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: Sir, can I say something? This disorderly conduct only goes to prove my point and all the headlines that I have quoted. I rest my case with that, Sir.

Now, with regard to the GST compensation to States, there was a reply to a question that was discussed two days ago, where it was quite obvious the way GST refunds are delayed to the States. Nobody is questioning the formula that has been arrived at by the GST Council. What we are questioning is your authority to disburse GST refunds to the States. And, Sir, State of Maharashtra has been repeatedly asking for its rightful due in the GST. Even now, the GST dues, as per the Report that was presented to this House, is Rs. 11,563 crores which the Government of Maharashtra disagrees. The correct figure is above Rs. 22,000 crores due to the State of Maharashtra.

I do not want to go back to what other hon. Members have already spoken. But, it becomes important that I raise this issue and raise this issue with concern as a nationalist and as much a nationalist as the other side claims to be.

There has been a huge cut in the Defence Budget for 2022-23 at a time when we are seeing a rise in conflict all of a sudden between Russia and Ukraine disregarding the rule-based order. At this particular point in time, we are surrounded by a neighbour who does not believe in a rule-based order and our Defence Budget should be working to ensure that we provide our Army and Armed forces with all kinds of appropriate equipment needed for their safety in safeguarding our nation. It is unfortunate to see that there has been a cut. What really surprises me is that a party which continues to chant Atmanirbhar Bharat — we all support Atmanirbhar Bharat; we would want to become Atmanirbhar Bharat — has a Defence research spending of 0.88 per cent in 2016-17 and 0.83 per cent in 2020-21! It really calls for worry for all of us, Sir.

I now come to wholesale inflation. Sir, the Wholesale Price Index rose to 13.11 per cent, year-on-year, in February from 12.96 per cent in January! It was 4.83 per cent in February, 2021. The WPI continues to be in double digit for the 11th consecutive month! And, these double digit figures should be alarming for us, because it would lead to high prices that we are already burdened with.

Sir, I will, now, come to the Consumer Price Index. I would not call it 'CPI.' Sir, Consumer Price Index recorded an eight-month high of 6.07 per cent. Sir, Retail Inflation rose 6.38 per cent for rural consumers; whereas, food inflation climbed up to 5.85 per cent. I will continue stick to India, not what is happening in the rest of the world, because it is the Indians, at the end of the day, who are suffering the consequences. I tried to raise this during the Zero Hour, but it was not permitted. But, I must raise this now. It is depreciating value of the Indian Rupee which has slumped down by over 17 per cent in the last five years. It should be a cause for worry.

The most important part, which, I think, is a cause for concern — I read out as headline in the beginning — and I am sure he would not ask me for source now. Sir, the interest rate of EPFO was slashed to 8.1 per cent — lowest in the last 40 years! But, at the same time, senior citizens, who are non-Government employees, depend on these interest rate savings once they retire, are facing hard time with high inflation and low interest rates on their savings. Interest rates on Small Savings Schemes, such as PPF, SCSS, NSC, etc., have been fallen. Even interest rate on fixed deposits in banks has fallen.

Last but not the least, Sir, I would not want to touch the employment issue, because it is quite a touchy subject. They ask for sources. But, I must tell you that the source is NSSO Survey which was released just recently and, I hope, they don't disregard that.

Now, I come to women and children. The Budget, unfortunately, did not cater to women and children either. In fact, the proportion of allocation to children is the lowest in the last ten years! It is a cause of concern. In Financial Year 2019-20, even allocation for the ICDS has been reduced! Allocations of POSHAN Abhiyaan decreased by 82 per cent, from Rs.3,400 crores to Rs.600 crores during the same time period. Sir, I will take just one last minute, before I end this. I just want to remind my dear friends in the Treasury Benches *(Time-bell rings)* Sir, just one last minute because it is about women. मेरे बोलते समय कितना disruption हुआ! मैं 2019 का क्वोट कर रही हूं। "Women's welfare development will be accorded a high priority at all levels within the Government and the BJP is committed to 33 per cent reservation in Parliament and State Assemblies through a Constitution Amendment." चलिए, आप

reservation नहीं दे रहे हैं, तो आप welfare schemes पर तो ध्यान दे दीजिए, लेकिन वह भी नहीं हो रहा है। In 2014, it promised the women voters that if the BJP forms the Government at the Centre, it will pass the Women's Reservation Bill. चलिए, वह भी फिर से same चीज़ है, जो Congress-led UPA नहीं कर पायी। Despite introduction of the legislation for representation of women in 1996, 1998, 1999 and 2006, it continues to languish and no further action has been taken. So, considering that we are 50 per cent of India's population, not just the reservation, even the welfare schemes should be adequately compensated to the women of this country. Thank you so much, Sir, and thank you for allowing me to speak.

श्री महेश पोद्दार (झारखंड) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं Appropriation Bill (Nos. 2 and 3), 2022 जो कि आज सदन के समक्ष उपलब्ध हैं, उनका समर्थन करता हूं। बजट में पहले जो प्रावधान किए गए थे, उससे कुछ अधिक खर्च हुआ है, जो अब बढ़कर 1 लाख, 58 हजार, 356 करोड़ हो गया है, जो कि विनियोग बिल (संख्यांक 3) में है। विभिन्न मदों में मात्र 10 लाख के करीब खर्च हो गया है, उसकी अनुमति के लिए यह सदन के समक्ष उपस्थित है। विनियोग बिल (संख्यांक 2) में - 5,204 करोड़, 57 लाख, 35 हजार, 163 रुपए, जो कि वर्ष 2018-19 के बजट से संबंधित है, उसके लिए सदन के समक्ष उपस्थित है। महोदय, अभी हमारे साथी कॉमरेड श्री बिनोय विस्वम जी पूछ रहे थे कि यह अधिक धन किस चीज में खर्च हुआ। मुझे भी उत्सुकता हुई, उनकी बात सही है कि हम किन चीजों पर अतिरिक्त खर्च कर रहे हैं। शायद उन्होंने देखा नहीं होगा, उसमें यह लिखा है। जो हमारा Appropriation Bill (No. 2) है, उसमें जो खर्च किया गया है, वह Ministry of Railways के लिए किया गया है और एक छोटी सी रकम Ministry of 22 Housing and Urban Affairs के लिए खर्च की गई है, जिसमें 1 लाख, 58 हजार, 356 करोड़ रुपए की बात है। उसमें जो अधिक खर्च किया गया है, मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि उसमें से बहुत बड़ी मात्रा करीब 100 करोड़ राज्यों को देने के लिए, डिफेंस और रेलवे के लिए अधिक खर्च की गयी है। जो भावना यहां पर व्यक्त की गई कि लगता है कि कोई फिज़ूलखर्ची की जा रही है, तो ऐसी कोई बात नहीं है। माननीया मंत्री जी ने बताया भी कि पीएसी आदि की सारी scrutiny के बाद यह प्रस्ताव आपके समक्ष आया है, जो कि प्रायः होता आया है और यह एक सरकार के लिए संविधान की बाध्यता है, जिसके तहत हम यहां पर इसकी चर्चा कर रहे हैं।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

माननीय उपसभापति महोदय, हम लोगों ने पिछले बजट में देखा कि जब यह सरकार बजट भाषण में 'आयुष्मान भारत योजना' का प्रस्ताव लेकर आई थी, यदि मैं सही बोल रहा हूं तो शायद उस समय माननीय जेटली जी थे, उस समय विपक्ष ने बड़े जोर से यह प्रश्न उठाया था कि यह पैसा कहां से आएगा। उनकी चिंता वाजिब थी, लेकिन सरकार ने कहा था कि पैसे की चिंता छोड़ दीजिए, हम पैसे का भी प्रावधान कर रहे हैं और इस योजना को लागू करने के लिए उन्होंने सारे राज्यों से अपील की थी कि सारे राज्य इसमें सहयोग करें, क्योंकि यह गरीबों, पिछड़ों और

वंचितों के लिए है, जो कि गरीबी के कारण अपना इलाज नहीं करा सकते। उन्होंने कहा था कि हम बजट में इसके लिए कभी पैसे की कमी नहीं होने देंगे और ऐसा हुआ भी। इसी प्रकार से जब बजट में 'मनरेगा' के लिए बात हुई, तो आपने कहा कि जो पिछले वर्षों में खर्च हुआ है, आपने बजट में उससे भी कम प्रावधान किया है। हमारे वित्त मंत्री जी ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि MNREGA is an ongoing project. इसके लिए जितने भी पैसे की जरूरत होगी, उसे यह सरकार देने के लिए कटिबद्ध है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आज तक किसी भी राज्य ने यह शिकायत नहीं की है कि हमें 'मनरेगा' के लिए पैसा नहीं मिला।

हाँ, हम विश्व की दो घटनाओं को ध्यान में रखें - एक तो यूक्रेन और रूस का युद्ध, जो अभी चल रहा है, जिसके कारण चंद दिनों में ही पूरे विश्व की आर्थिक व्यवस्था गड़बड़ हुई है, बहुत सारी चीज़ों के दाम बढ़ गए हैं और दूसरा कोविड है। कोविड के कारण जो घटनाएँ हुईं, उनका असर हमारी आर्थिक व्यवस्था पर भी हुआ, सारे विश्व में हुआ, लेकिन मज़े की बात यह है कि हमने इन आर्थिक चैलेंजेज़ को किस तरह से फेस किया, हमने किस तरह से इनको संभाला, किस तरह से आगे बढ़े।

काँग्रेस के हमारे साथी ने कहा कि यह संविधान के प्रावधानों का मामला है और उन्होंने कुछ कड़वी-कड़वी बातें कहीं। महोदय, पक्ष और विपक्ष के बीच कड़वी बातों की तो कोई शिकायत नहीं है, ये होनी भी चाहिए, लेकिन तकलीफ तब होती है, जब वहाँ पर कोई कड़वाहट होती है। मेरा एक ही आग्रह है कि यदि इस सरकार ने कुछ भी अच्छे काम किए हैं, तो उनको स्वीकार कीजिए। आप भी मानते हैं कि हिम्मतनगर में नेशनल हाईवे बना। हो सकता है कि वह आपके घर के बगल में नहीं बना हो, पुरानी सड़क पर नहीं बना हो, लेकिन नेशनल हाईवे बना। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया। यदि आप सारी माँगों के साथ-साथ एक शब्द जोड़ देते, उसका स्वागत कर देते, तो मैं समझता हूँ कि पक्ष और विपक्ष के बीच में वह कड़वाहट की भावना खत्म हो जाती। मैं समझता हूँ कि आज यह समय की माँग है। हम पक्ष और विपक्ष के बारे में बात जरूर करें, सुझाव जरूर दें, योजनाओं की आलोचना अवश्य करें, लेकिन जो हो रहा है, उसे हम सकारात्मक रूप से स्वीकार करें, उसमें हम सुझाव देकर आगे बढ़ें।

महोदय, उन्होंने कहा कि एमपीज़, एमएलएज़ और मंत्रियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा। मैं समझता हूँ कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं का राजनीतिक प्रशिक्षण, चाहे वे काँग्रेस के हों, चाहे बीजेपी के हों, चाहे किसी भी दल के हों, उसका एक अभिन्न अंग है। यदि हम प्रजातंत्र को मजबूत करना चाहते हैं, तो वह राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी करना पड़ेगा। लेकिन मैं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी में बहुत चुस्ती, मुस्तैदी, लगन और commitment के साथ कार्यकर्ताओं के लिए सालों भर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं, शायद काँग्रेस में भी कभी चलाए जाते होंगे - चूँकि यह इतनी पुरानी पार्टी है, इसलिए उनके यहाँ यह व्यवस्था अवश्य रही होगी। मेरा तो आग्रह यह होगा कि हमारी तरफ उंगली उठाने के साथ-साथ अपनी तरफ भी देखें और अपने यहाँ भी इसमें सुधार कराने की कोशिश करें।

महोदय, केरल के हमारे साथी जॉन ब्रिटास जी ने कहा कि उनको रियल ग्रोथ रेट समझ में नहीं आता है। यह स्वाभाविक है। हम वामपंथियों से तो ग्रोथ रेट नहीं सीखेंगे। जब से मुझे होश आया है, तब से मैंने वामपंथियों को देखा है। वे हमारे बिहार राज्य में बड़े सक्रिय थे और वहाँ पर

लोग उनको काफी मानते भी थे। उनकी एक-एक रैली में लाखों लोग जमा भी होते थे, यह भी हमने देखा है। उन्होंने नारे दिए, झंडे दिए, रैलियाँ कीं, धरने दिए, बंद कराए, सब कुछ किया, गौ हत्या का समर्थन तक किया, लेकिन गरीबों को न तो बैंक दिया, न बिजली दी, न पानी दिया, न घर दिया, न सड़क दी। जैसे मनोज जी बोल रहे थे कि एक गरीब की नज़र से बजट को देखिए और आर्थिक मामलों को देखिए।...(**व्यवधान**)...

श्री जॉन ब्रिटास : आप केरल में आकर देखिए।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़।...(**व्यवधान**)...

श्री महेश पोद्दार : महोदय, मैं उनको आश्वासन देता हूँ कि मैंने केरल में देखा है और देखूँगा, लेकिन मैं उनसे एक आग्रह जरूर करूँगा कि वे कुछ दिन हमारे गुजरात में गुज़ारें।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़।...(**व्यवधान**)...

श्री महेश पोद्दार : महोदय, आपने किया, यह अच्छी बात है। चूँकि केरल आज का नहीं, बल्कि वह एक ज़माने से समृद्ध राज्य रहा है और जिन चीज़ों का आज के इन भाषणों में विरोध रहा है, उसी राज्य में उन्हीं नीतियों का उन्होंने समर्थन किया और उन्हीं नीतियों के साथ वे आगे बढ़े।

महोदय, यह इत्तेफाक नहीं है कि इस देश का पहला प्राइवेट एयरपोर्ट कोच्चि में बना। आज काँग्रेसी या वामपंथी, सारे लोग एयरपोर्ट्स के प्राइवेटाइज़ेशन के विरोध की बात कर रहे हैं। इस देश का पहला प्राइवेट एयरपोर्ट कोच्चि में बना, जिसकी चिंता आज सम्माननीय सदस्य कर रहे हैं।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, Mr. John Brittas ... *(Interruptions)*... श्री जॉन ब्रिटास, जब आपका मौका था, आपने बोला। ...(**व्यवधान**)... आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... जब आपके पास मौका था, आपने बोला। ...(**व्यवधान**)... अब दूसरों को सुनने का भी धैर्य रखिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री महेश पोद्दार : महोदय, उन्हें मालूम है कि उनकी बात नहीं जा रही है, लेकिन उन्हें व्यवधान करने में, शायद मुझे ट्रैक से उतारने में ...(**व्यवधान**)...

SHRI JOHN BRITTAS: Sir, are we discussing the Appropriation Bill? ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : आप चेयर को एड्रेस करें। ...(**व्यवधान**)...

श्री महेश पोद्दार : महोदय, मुझे ट्रैक से उतारने से पहले देश ने उन्हीं को ट्रैक से उतार दिया, इस बात को हम न भूलें। ...(**व्यवधान**)... महोदय, हमारे मनोज जी अभी किसी Happiness Index के बारे में बात कर रहे थे। यदि पूरे कोरोना काल में एक गरीब की थाली में अनाज आ गया और यह Happiness Index का निर्धारण करने वाले को समझ में नहीं आया, अगर एक गरीब के घर में बिजली आ गई, उसे पक्का घर मिल गया, तब भी index का आकलन करने वाले को happiness समझ में नहीं आई, तो इसमें दोष उनका है। हमने तो आईआईटी दी है, आईआईएम दिया है और जब उनके पास मौका था, तब उन्होंने बिहार को क्या दिया - चरवाहा विद्यालय! ...(**व्यवधान**)... महोदय, लोग इस बात को भूलेंगे नहीं कि उनकी प्राथमिकता क्या थी और हमारी प्राथमिकता क्या है। ...(**व्यवधान**)... आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि जब हमारे पास मौका आया, तब हमारे प्रधान मंत्री जी ने...(**व्यवधान**)...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, point of order... ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : मनोज कुमार झा जी, आप रूल बताइए। ...(**व्यवधान**)... कृपया सीट पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)...

प्रो. मनोज कुमार झा : आप एक मिनट चुप हो जाइए। ...(**व्यवधान**)... सर, मैंने सदन में आने के बाद सबसे पहले रूल बुक चाट ली थी। ...(**व्यवधान**)... Rules 238 and 240 combined together. मैं सीधी सी बात कहता हूँ कि अगर आप unsavoury and uncharacteristic remarks देंगे, तो कम से कम हमने अपनी तरफ से कभी कुछ ऐसा नहीं किया है कि आपको तंज भी ऐसी ज़ुबान में किया जाए। ....(**व्यवधान**)... चरवाहा विद्यालय को समझने के लिए आपको ...(**व्यवधान**)... आप सामंती लोग हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : धन्यवाद, मनोज कुमार झा जी। ...(**व्यवधान**)... मेरा आग्रह यह है कि सभी माननीय सदस्य इसे फॉलो करें। ...(**व्यवधान**)... प्रो. मनोज कुमार झा जी, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... प्रो. मनोज कुमार झा जी, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।

श्री महेश पोद्दार : मैं यह बात कहना चाहूँगा कि मैंने जो भी बात कही है, अपने सीमित ज्ञान के आधार पर कही है। यदि वहाँ पर चरवाहा विद्यालय नहीं खुला हो या खोलने की योजना नहीं बनी हो, तो मैं क्षमाप्रार्थी हूँ, मैं अपने शब्द वापस लेता हूँ, लेकिन चरवाहा विद्यालय और आईआईएम की तुलना करें, तो यह सदन निर्णय कर ले कि दोनों में से देश को किसकी आवश्यकता है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, मुझे तो पता चल रहा है कि पहलवान विद्यालय भी खुला है। ...(**व्यवधान**)... देखिए, *"जाकी रही भावना जैसी"*, उन्हें जो priority समझ में आ रही थी कि देश का विकास इस तरीके से होगा, उन्होंने किया। ...(**व्यवधान**)... अभी हमारे बहुत सारे साथियों ने कहा कि एलआईसी वगैरह का निजीकरण न करें। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... कृपया बैठकर आपस में बात न करें, यह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... मैं सबसे आग्रह कर रहा हूँ। ...*(Interruptions)*... You may follow the rules, Mr. John Brittas, please.

श्री महेश पोद्दार : इस देश में उदारीकरण हुआ, इंश्योरेंस कंपनीज़ पहले किस सरकार में आईं, उस समय भी उसके साथ कौन लोग थे, इसे भी ये न भूलें। हमने जीआईसी को liberalize किया, हम एलआईसी को अधिक efficient बनाने के लिए लोगों को भी कुछ हिस्सेदारी दे रहे हैं। अभी बहुत सारे लोगों ने ब्याज की गिरती दर की बात की कि सीनियर लोग क्या करेंगे, उनकी आमदनी कैसे होगी। महोदय, उन्हें निवेश का एक मौका दिया जा रहा है। अगर उनका पैसा सरकार की कंपनी में लगेगा, तो कुछ गलत नहीं है। देखिए, अभी शायद फौजिया जी ने कहा कि किसी ने सपना देखा है कि स्पेस की फ्लाइट सस्ती हो। महोदय, हमारे प्रधान मंत्री जी ने सपना देखा और लोगों ने मज़ाक भी उड़ाया कि क्या प्रधान मंत्री को और कोई काम नहीं है, वे पाखाने बनवाएंगे, लेकिन जहाँ उन्होंने पाखाने बनवाए, वहीं उन्होंने बुलेट ट्रेन का सपना भी देखा। आज उस बुलेट ट्रेन पर टाइम बाउंड स्पीड से काम चल रहा है और वह समय से तेजी से बढ़ रहा है।

5.00 P.M.

महोदय, यह जो सोच है, इस सोच की कमी इस पार्टी या इस सरकार को नहीं है और यह बजट में भी परिलक्षित होता है।

महोदय, हेडलाइंस से ही सरकारें नहीं चलतीं और हेडलाइंस से ही गवर्नेंस नहीं होती। सर, आप भी एक बहुत वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं, आपको मालूम है कि इस देश में या पूरे विश्व में जितने समाचार-पत्र हैं, उनमें views और news की बातें बराबर होती हैं। जब वहाँ पर छँटनी हो जाती है, उसके बाद हम पाठक के तौर पर कौन-कौन सी हेडलाइन पढ़ते हैं और कौन-कौन सी हेडलाइन पढ़ना भूल जाते हैं, यह हमारे ऊपर निर्भर करता है। महोदय, यदि हम कुछ हेडलाइंस को selectively ले लें, तो यह ठीक नहीं है। यह सही है कि हम criticise कर सकते हैं, लेकिन यह एक तथ्य है जिसको हम नकार नहीं सकते कि हम आगे बढ़ रहे हैं। इस देश में बहुत बड़े-बड़े बदलाव हो रहे हैं, चाहे वह आर्थिक क्षेत्र हो या इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र हो।

महोदय, हमारे कई साथियों के मित्रों की सरकार चल रही है, सहयोगी सरकार चल रही है। हमारे राज्य झारखंड में राजद की पार्टनरशिप की भी सरकार चल रही है और कांग्रेस के सहयोग से भी सरकार चल रही है। महोदय, मैं यह बात कहना नहीं चाहता था, लेकिन जब सारे राज्यों की बात हो रही है और वे अपनी बातें कह रहे हैं, तो मैं भी थोड़ी अपनी बात कहना चाहूँगा। जब कोविड का समय था और अखबारों के पन्ने उसकी ख़बरों से भरे रहते थे, तब उनके पास सैनेटाइज़र एवं मास्क इत्यादि खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। सरकार बार-बार यह बोलती थी कि हमारा ख़जाना खाली है, जबकि आज यह स्पष्ट हो रहा है कि उनके यहाँ डिपॉज़िट में अरबों रुपये पड़े थे। महोदय, आज यहाँ कोई विमेन इंश्योरेंस की बात कर रहे थे। मैं उनको बता दूँ कि झारखंड में जब हमारी पिछली सरकार थी, तो उसमें हम एक रुपये में महिलाओं की जमीन की रजिस्ट्री करा रहे थे, लेकिन जब से कांग्रेस और जेएमएम की सरकार वहाँ आई है, जिसमें

आरजेडी भी पार्टनर है, उसने पहला निर्णय यह लिया कि औरतों के सशक्तिकरण का जो यह कार्यक्रम चल रहा था, उस व्यवस्था को उसने खत्म कर दिया। महोदय, अब आज हमें यह बताया जा रहा है कि औरतों का इंश्योरेंस कराइए।

महोदय, अब हम दूसरी बात बताते हैं कि हमारी सरकार ने किसानों के लिए भी प्रावधान किया था। कांग्रेस पार्टी बराबर यह कहती है कि किसानों को सीधा फायदा पहुँचाया जाए। यह अच्छी बात है, हमने भी यही किया। हमने प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ 5,000 रुपये देने की व्यवस्था की थी और वह व्यवस्था चल रही थी, लेकिन इस झारखंड सरकार ने आते ही उस योजना को सीधे बन्द कर दिया, जिसके कारण जो हज़ारों-लाखों किसान उसका बेनिफिट पा रहे थे, वे उससे वंचित हो गए।

महोदय, ये loan waiver की एक स्कीम लाए, जिसमें सबको मालूम है कि लोन किस तरह दिए जाते हैं और किस तरह waive किए जाते हैं। ये देश में पॉलिसी स्टेटमेंट के रूप में direct benefit के लिए बोलते हैं, लेकिन जब यही बात झारखंड में आती है, तो वहाँ यह होता है कि loan दे दो और उसके बाद उसको waive कर दो। सर, जल विभाग के मंत्री हमारी बगल में बैठे हैं। ये कुछ दिन पहले झारखंड में दौरे पर गए थे। It has one of the poorest performance in 'Nal Se Jal' scheme; it is not even about 40 per cent. वहाँ ऐसी स्थिति है। यदि इस स्थिति में आप राज्य को केन्द्र की नीति के साथ नहीं चलाएँगे, तो जनता को जो अधिकार मिलने हैं, जनता का जो सशक्तिकरण होना है, उसको हम जल्दी से जल्दी कैसे पूरा करेंगे, इस बात की चिन्ता करने की आवश्यकता है।

महोदय, जब हम भविष्य की ओर देखें, तो हम सभी घरों में नल से जल देने वाले हैं। आज बिजली की क्वॉलिटी के बारे में कोई बात नहीं करता। हमारे बंगाल के साथी यहाँ बैठे हैं। मैं जब बड़ा हुआ, तब वहाँ वे दिन मैंने देखे हैं और इन लोगों ने भी देखे हैं। मैं यह नहीं कहता कि उस समय वहाँ इनकी सरकार थी, लेकिन बंगाल में हमने ऐसे दिन भी देखे हैं, जब 12-12 घंटे लगातार पावर कट होती थी। बिज़नेस सेक्टर में यह होता था कि इस हफ्ते 12 घंटे कभी दिन में बिजली आएगी, तो कभी रात में बिजली आएगी, ऐसे दिन भी हमने देखे हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं मान रहा हूँ कि अब वहाँ यह स्थिति नहीं है, लेकिन हमने ऐसे दिन भी देखे हैं। वैसी परिस्थिति देश के बहुत सारे राज्यों में थी, लेकिन आज के दिन सारे राज्यों में और देश में बिजली सरप्लस में है, इस बात को भी हमें स्वीकार करना चाहिए। हर घर तक बिजली पहुँचने के बाद भी सबको हम बिजली दे पा रहे हैं, इस बात को हमें स्वीकार करना चाहिए। हमें इस बात को भी स्वीकार करना चाहिए कि पिछले सात साल में हमने 17 गुना अधिक सोलर पावर पैदा की है। महोदय, यह काम इतनी आसानी से नहीं हुआ। इसमें सरकार ने एक व्यवस्था की और निजी क्षेत्र ने अपनी बुद्धिमत्ता दिखाई। दोनों ने मिल-जुलकर यह काम किया है और मैं समझता हूँ कि सही तरीका यही है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था, जो काम पिछले 70 सालों में हुआ, उसकी किसी भी चीज़ के आँकड़े आप देख लें। आप किसी भी आंकड़े को देख लें, किसी भी विकास के आंकड़े को देख लें और पिछले 7 साल के आंकड़े देख लें तथा दोनों की रफ्तार को देख लें, तो आपको पता चल जाएगा कि यदि अगले 17 वर्ष तक हम इसी रफ्तार से चलते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हम विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक होंगे।

